● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 210, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 12 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



हमारे विकास कार्यो को देख कर अन्य पार्टियां घबराई 5

नीरज चौपड़ा डायमंड लीग में करेंगे धमाल 6

## दुनिया की हर डिवाइस में इंडियन मेड चिप हो: पीएम

**ग्रेटर नोएडा।** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट मे आयोजित सेमीकॉन-2024 का शुभारंभ करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि 21 वीं सदी में दुनिया में जब चिप के क्षेत्र में कहीं मंदी आती है तो आप भारत पर भरोसा कर सकते हैं। यह भारत में आने के लिए सही समय है और आप सही समय पर सही जगह पर हैं।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का आठवां देश है जहां ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री से जुड़ा यह आयोजन हो रहा है। इसी वर्ष लाल किले से कहा था कि मेरा सपना है दुनिया की हर डिवाइस में इंडियन मेड चिप हो। सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए जो भी जरूरी होगा वह सब



करने वाला है। क्रिटिकल मिनरल के और इसके ओवरसीज अधिग्रहण के लिए क्रिटिकल मिनरल मिशन की घोषणा की है।क्रिटिकल मिनरल को कस्टम ड्यूटी से छूट हो, ब्लाक्स की माइनिंग की ऑक्शन हो, इस पर तेजी से काम हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस में सेमी कंडक्टर रिसर्च सेंटर बनाने के लिए भी हम काम कर रहे हैं। हम आईआईटी के साथ साझेदारी कर रहे हैं। जिससे हमारे तकनीशियन न सिर्फ वर्तमान के लिए चिप बनाएं बल्कि अगली पीढ़ी के लिए भी चिप्स तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि डिजाइनिंग की दुनिया में 20 फीसदी योगदान भारत करता है। इसका निरंतर विस्तार हो रहा है। हम 85 हजार तकनीशियनों, इंजीनियरों और रिसर्च करने वालों की वर्क फोर्स तैयार कर रहे हैं। भारत का फोकस अपने छात्रों और पेश्वरों को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर पर है।

प्रधानमंत्री ने चिप सेक्टर के उद्यमियों से कहा कि सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आपका नाता डायोड से जरूर पड़ता है। इसमें ऊर्जा सिर्फ एक दिशा में जाती है लेकिन भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग में खास डायोड है। यहां हमारी ऊर्जा दोनों दिशा में जाती है। आप निवेश करते हैं और वैल्यू पैदा करते हैं। वहीं सरकार आपको स्थायी नीतियां और व्यापार में सुविधा देती है। सेमीकंडक्टर की आपकी इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड सर्किट से जुड़ी हुई है और भारत भी आपको इंटीग्रेटेड परिवेश देता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मंगलवार को अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की पहली बैठक हुई । इस फाउंडेशन से भारत के रिसर्च परिवेश को नई दिशा मिलेगी। भारत ने वन ट्रिलियन रुपये का विशेष रिसर्च फंड बनाया है। मैन्यूफैक्चिरिंग इकाई लगाने के लिए 50 फीसदी सहायता भारत सरकार दे रही है।

राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर मदद कर रही हैं। इन्हीं नीतियों के कारण ही कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा के निवेश इस क्षेत्र में हो चुके हैं। आज कई प्रोजेक्ट पाइप लाइन में हैं। सेमीकॉन इंडिया आयोजन के तहत फ्रंट एंड फैब्स, डिस्पले फैब्स, सेमीकंडक्टर पैकेजिंग, कंपाउंड सेमीकंडक्टर, सेंसर और डिस्प्ले मैन्यूफैक्चरिंग के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है।

## प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ने से साँची दुग्ध संघ का होगा उन्नयन

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से भेंट कर की विभिन्न विषयों पर चर्चा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से उनके कार्यालय नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में सौजन्य भेंट कर प्रदेश के सहकारिता संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सहकारिता के क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि गत दिवस राज्य शासन द्वारा दुग्ध संघों के प्रबंधन और संचालन आगामी पांच वर्ष के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के माध्यम से किए जाने पर सहमति बनी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस समझौते से लगभग 11 हजार गांवों के पशुपालक और दुग्ध-उत्पाद किसानों की आय में वृद्धि होगी। प्रदेश सरकार सहकारिता के क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में इन 11 हजार गांवों



में बहुउद्देशीय सहकारी संस्थाओं का गठन करेगी। डॉ. यादव ने अवगत कराया कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ने से साँची दुग्धसंघ का उन्नयन होगा। साँची ब्रांड को और बेहतर बनाया जायेगा। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के बाद दुग्ध उत्पादन में अग्रणी है। प्रदेश में प्रतिदिन साढ़े पांच करोड़ लीटर दुग्ध उत्पादन हो रहा है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता के मामले में मध्यप्रदेश की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। जहां देश में प्रति व्यक्ति 459 ग्राम दूध प्रतिदिन की उपलब्धता है वहीं मध्यप्रदेश में यह 644 ग्राम है। अगले पांच वर्ष में प्रदेश का दुग्ध उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य है। इसके लिए सहकारी आन्दोलन को मजबूत करने और किसानों एवं पशुपालकों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य होगा। प्रदेश के करीब चालीस हजार ग्रामों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किये जायेंगे।

## मुंबई में नागालैंड के मंत्री तेमजेन के खिलाफ जांच शुरू

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने नगालैंड के कैबिनेट मंत्री और भाजपा सांसद तेमजेन इम्ना अलोंग के खिलाफ एक कंपनी से जुड़े निवेश विवाद मामले में जांच शुरू की है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के स्पेशल टास्क फोर्स ने मंगलवार (10 सितंबर) को बॉम्बे हाई कोर्ट में इसकी जानकारी दी।

यह जांच जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की बेंच के आदेश के बाद शुरू की गई है। मुंबई स्थित कंपनी हेजल मर्केंटाइल लिमिटेड ने उनके खिलाफ याचिका लगाई है। कंपनी



का आरोप है कि उसने तेमजेन के कहने पर नगालैंड में 125 करोड़ रुपए इन्वेस्ट किए थे।

हालांकि, सभी सप्लाई कमिटमेंट्स को पूरा करने और चालान जारी करने के बाद अलॉन्ग ने कंपनी के लोगों से दूरी बना ली। मामला 2015 का है। तब तेमजेन किसी पद पर नहीं थे। कंपनी ने 9 फरवरी, 2024 को ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई थी। कंपनी ने चावल-चीनी सप्लाई और कंस्ट्रक्शन कॉन्ट्रैक्ट लिया था कंपनी ने बताया कि तेमजेन ने 2015 और 2018 के बीच नगालैंड में निवेश करने के लिए उनसे संपर्क किया था। कंपनी ने 21 अप्रैल 2015 को एक समझौता ज्ञापन साइन किया और लगभग 125 करोड़ रुपए का निवेश किया।

एमओयू में चावल और चीनी की सप्लाई के लिए एग्रीमेंट और कंस्ट्रक्शन कॉन्ट्रैक्ट शामिल थे। हालांकि, बाद में तेमजेन की तरफ से उन्हें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ाई गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया।

इसी मामले में आरोपी और आप विधायक दुर्गेश पाठक को अदालत ने जमानत 1 लाख रुपए के बॉन्ड पर जमानत दे दी है। सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर होने के बाद कोर्ट के समन पर वे अदालत में पेश हुए थे।

## मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस सांसद का अमित शाह को पत्र

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा के बीच मणिपुर इनर सीट से कांग्रेस सांसद डॉ. ए बिमोल अकोइजाम ने 10 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेटर लिखा। उन्होंने पूछा कि अगर इस तरह का हिंसक संकट देश के मुख्य राज्यों जैसे क बिहार, पंजाब, महाराष्ट्र में होता, तब भी क्या केंद्र सरकार इसे जारी रहने देती।

अकोइजाम ने कहा, मणिपुर की मौजूदा स्थिति 1947 में भारत के विभाजन की याद दिलाती है। यह 2021 से 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने के सरकार के



हालिया प्रयासों को देखते हुए विशेष रूप से दर्दनाक है। कांग्रेस सांसद ने कहा, मुझे बहुत अफसोस है कि केंद्र के लिए मणिपुर में लोगों का जीवन कोई मायने नहीं रखता। अगर ऐसा कुछ आपके अपने गृह राज्य गुजरात में होता तो आपको बहुत दुख होता, जैसा कि किसी भी अन्य गुजराती को महसूस होता। सीआरपीएफ के डीआईजी मनीष कुमार सचार ने बुधवार को कहा कि मणिपुर में हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के कमांडो को गमगीफाई में तैनात किया गया है, जो कांगपोकपी जिले (कुकी क्षेत्र) और पश्चिम इंफाल जिले (मैतेई क्षेत्र) की अंतरराज्यीय चेक पोस्ट सीमा पर स्थित है। उन्होंने कहा कि इस नाके पर फोर्सेस लगातार चेक कर रही हैं कि बिना अनुमति के किसी व्यक्ति या सामान को एंट्री न दी जाए। सीआरपीएफ कैंप पर हमला एक दूरदराज के इलाके में हुआ था।

## शिमला में हालात बेकाबू, माहौल तनावपूर्ण

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में तनावपूर्ण माहौल है। यहां के संजौली इलाके में मस्जिद के अवैध निर्माण के खिलाफ हिंदू संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं। हजारो की संख्या में प्रदर्शनकारी मस्जिद से चंद मीटर दूर हैं। पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए बल प्रयोग किया है। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग उखाड़ फेंकी, तो पुलिस ने लाठियां भांजी और तेज पानी की धार छोड़ी। इसके बाद प्रदर्शनकारी धरने पर बैठ गए। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। प्रदर्शनकारियों को समझाया जा रहा है। मामला कोर्ट में है।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में 2 आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुरक्षाबलों से एनकाउंटर में 2 आतंकी मारे गए हैं। सेना ने बताया कि आर्मी के फर्स्ट पैरा के जवानों को बुधवार सुबह उधमपुर के खंडरा टॉप के जंगलों में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी।

इसके बाद पुलिस के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। दोपहर 12.50 बजे आतंकियों ने जवानों पर फायरिंग की। जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की। करीब चार घंटे चले एनकाउंटर के बाद सुरक्षाबलों ने तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया। वहीं जम्मू-कश्मीर के अखनूर में 10-11 सितंबर की दरमियानी रात 2:35 बजे पाकिस्तानी जवानों ने बॉर्डर पर सीजफायर का उल्लंघन किया। जवाब में बीएसएफ के जवानों ने भी फायरिंग की। गोलीबारी में बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि जवाबी एक्शन में पाकिस्तान को हुए नुकसान की अभी जानकारी नहीं है। घटना के बाद बीएसएफ के जवान बॉर्डर पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। 18 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की पहले फेज की वोटिंग होनी है। इससे सात दिन पहले उधमपर में एनकाउंटर और सीजफायर का उल्लघंन हुआ है।

## सीएम ममता बनर्जी से मिलने के लिए तैयार हुए प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के सरकारी अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में राज्य में अभी भी प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस चिट्ठी में राज्य में जारी गतिरोध को रोकने के लिए सीएम के साथ बैठक की मांग की। इससे पहले सीएम ममता बनर्जी ने गतिरोध सुलझाने के लिए आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों को राज्य सचिवालय में बैठक के लिए बुलाया था। इस पर डॉक्टरों ने कहा था कि बंगाल के जिस स्वास्थ्य सचिव का हम इस्तीफा



चाहते हैं, बैठक के लिए उनका मेल करना अपमानजनक है।

डॉक्टरों ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक के लिए प्रतिनिधियों की संख्या को 10 तक सीमित करना भी उनके लिए अपमानजनक है। इस पर बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल के बैठक में आने का अपने कमरे में इंतजार करती रहीं, लेकिन उन्हें डॉक्टरों की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना नौ अगस्त की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। आठ अगस्त को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। घटना के दूसरे दिन सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया।

## सीमावर्ती क्षेत्रों का हो रहा विकास : राजनाथ



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में सीमा क्षेत्र विकास सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले 10 साल में हमने सीमा सड़क संगठन के साथ मिलकर सीमावर्ती क्षेत्रों में साढ़े आठ हजार किमी से अधिक सड़कें बनाई हैं। साथ ही इन वर्षों में हमने लगभग चार सौ स्थायी पुल बनाए हैं। सीमा सड़क संगठन के काम की सराहना करता हूं। चाहे अटल टनल हो या सेला सुरंग हो या विश्व की सबसे ऊंची शिकू-ला सुरंग सभी सीमा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ने 220 किलो वोल्ट की श्रीनगर-लेह बिजली लाइन को चालू किया। इससे लद्दाख के सीमावर्ती इलाके नेशनल इलेक्ट्रीसिटी ग्रिड से जुड़े। सिक्किम और उत्तर पूर्वी राज्यों के वितरण और प्रबंधन के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। मेरा मानना है कि सड़क और बिजली हर क्षेत्र के विकास की नींव है।

## राहुल गांधी के घर के बाहर भाजपा का प्रोटेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में राहुल गांधी के घर के बाहर बुधवार को भाजपा सिख प्रकोष्ठ ने प्रदर्शन किया है। उनका कहना है कि कांग्रेस नेता ने अमेरिका में जाकर भारत और सिखों का अपमान किया है। विदेश धरती में हमारे देश को बदनाम किया है। उन्हें इसको लेकर माफी मांगनी चाहिए। दरअसल, अमेरिका दौरे के दौरान मंगलवार को राहुल ने कहा था- भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं? क्या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे? ये चिंता सिर्फ सिखों की नहीं बल्कि सभी धर्मों के लिए है।

बीजेपी बोली- राहुल अपने बयान पर मांफी मांगे भाजपा नेता आरपी सिंह का कहना है कि राहुल को माफी मांगनी चाहिए।

## एमपी के 21 जिलों में भारी बारिश

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में 2 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। आज 21 जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, गुना और अशोकनगर में रेड अलर्ट जारी किया है। राजस्थान के जयपुर में आज तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। ब्यावर जिले का नंदा बांध 25 साल बाद ओवरफ्लो हुआ तो लोग बैंड बाजे के साथ नाचने-गाने लगे। राज्य में 15 सितंबर तक बारिश का अनुमान है। दिल्ली-एनसीआर में बारिश की वजह से नोएडा क्रिकेट स्टेडियम में पानी भर गया है। इसकी वजह से न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच पहला टेस्ट मैच तीसरे दिन भी नहीं खेला जा सका।

छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिनों से बारिश हो रही है। इंद्रावती व चिंतावागु नदी उफान पर है। सुकमा और बीजापुर का महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से संपर्क टूट गया है। आज भी यलो अलर्ट है।

7 जिलों में भी तेज बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात हैं। बचाव अभियान के दौरान 2 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। मलकानगिरी, कोरापुट और गंजाम में कई इलाकों की सड़कें बह गई हैं।

राज्य में 288 लोगों की जान जा चुकी है। इनमें 130 सड़क हादसों, 6 की लैंडस्लाइड, 8 की बाढ़, 23 की बादल फटने, 27 की पानी में डूबने, 1 की बिजली, 26 की सांप के काटने से मौत हुई है।

राजधानी दिल्ली में बुधवार की सुबह बारिश के साथ हुई। दिन के तापमान में 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। कई इलाकों में पानी भरने की वजह से लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा।

राज्य में दो दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

## मध्य प्रदेश में सोयाबीन की एमएसपी पर होगी खरीदी

### प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को केंद्र ने अनुमति दी

**भोपाल**

मध्य प्रदेश सरकार ने मंगलवार को अपनी कैबिनेट बैठक में सोयाबीन की एमएसपी पर खरीदी को लेकर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने का निर्णय लिया था। इस प्रस्ताव पर तेजी से कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने बुधवार को इसे स्वीकृति दे दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कि मध्य प्रदेश के किसान सोयाबीन की फसल एमएसपी से नीचे बेचने के लिए मजबूर थे, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा था। कर्नाटक और महाराष्ट्र को पहले ही सोयाबीन की एमएसपी पर खरीदी की अनुमति दी गई थी, और अब मध्य प्रदेश का प्रस्ताव भी स्वीकृत कर दिया गया है। अब मध्य प्रदेश के किसान भी 4892 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अपनी सोयाबीन की फसल बेच सकेंगे। यह फैसला किसानों के लिए आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि उन्हें अब अपनी फसल के उचित मूल्य मिलने की उम्मीद है।

मध्य प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने राज्य के किसानों के लिए सोयाबीन की एमएसपी पर खरीदी की मंजूरी को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला किसानों के हित में एक बड़ा कदम है। लोधी ने कहा कि



मध्य प्रदेश के किसानों को अब सोयाबीन का उचित मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार किसानों के हित में निर्णय लेती आ रही हैं, और यह फैसला भी उसी कड़ी का हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश और केंद्र की सरकारें हमेशा किसानों के हित में काम करती हैं और इस तरह के निर्णय किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने में मददगार साबित होते हैं।

सोयाबीन की खरीदी एमएसपी पर करने के फैसले का भाजपा ने भी स्वागत किया है। भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत है। किसान हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। कांग्रेस ने हमेशा किसानों के साथ छल किया है।

मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने सोयाबीन के समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को अब जाकर एमपी के किसानों की याद आई है, जबकि महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक में पहले से ही एमएसपी पर सोयाबीन की खरीदी हो रही है। सिंगार ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार अब जागी है, जबकि अन्य राज्यों में पहले से ही एमएसपी पर खरीदी की जा रही है। एमपी के किसानों को उनके उचित हक से वंचित रखा गया। उन्होंने मांग की कि सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए ताकि किसानों को सही लाभ मिल सके।

# छात्राओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष टीम करेगी प्रशिक्षित

## नवरात्रि तक में 20 हजार से अधिक छात्राओं एवं महिलाओं को प्रशिक्षित करने का रखा है लक्ष्य

सिंगरौली। पुलिस मुख्यालय की मंशानुसार जिला पुलिस बल सिंगरौली द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं उन्हें आत्म रक्षा हेतु सशक्त बनाने, अपने अधिकारों व कानून के बारे में सजग करने तथा महिला अपराधों में कमी लाने के उद्देश्य से सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलौंजी में विशेष जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं को आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम जूडो, कराटे, मार्शल आर्ट्स इत्यादि का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहा बुधवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलौंजी में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयंसिद्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन एवं पुष्प अर्पण कर की गई।




पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा बताया गया कि सबसे महत्वपूर्ण बात जो आपमें होनी चाहिये, वह है साहस। यदि आपमें साहस नहीं होगा, तो सारी सिखलाई हुई बातें धरी रह जायेगीं। आपको अपनी सत्ता सिद्ध करने के लिये कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। स्वयं को आप पहचानिये कि आप हो कौन, आप कितनी महत्वपूर्ण हो। आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है जो आपको अपने आस-पास के वातावरण के बारे में अधिक जागरूक होने और किसी भी समय अप्रत्याशित स्थिति के लिए तैयार रहने में मदद करता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से, आपको मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक और शारीरिक रूप से इतना मजबूत बनना है कि वे संकट के समय में आप खुद की रक्षा कर सकें। आत्मरक्षा प्रशिक्षण तकनीक आप में आत्मविश्वास जागृत करती है और आपकी शिक्षा को बढ़ावा देने में मदद करती है। इसके अलावा प्रतिद्वंद्वी की कमजोरियों और शरीर के किन क्षेत्रों से उन्हें अक्षम किया जाना है, इस पर ध्यान केंद्रित कर स्वयं का बचाव करना है। उदाहरण के लिए, गले पर वार, आँख में चोट और कमर पर वार। आपको यह सीखना भी है कि बिना शारीरिक बल का उपयोग किए स्थितियों को संभावित रूप से कैसे कम किया जाए.कार्यक्रम में सहायक उपनिरीक्षक अशोक सिंह तोमर, प्रआर आशीष सिंह बागरी, नातीलाल, ज्योति पाण्डेय, आर. धनंजय यादव, अरुण वास्कले, अभिषेक चंदपुरिया, पूर्वा पचौरी, विद्यालय प्राचार्य अरूण कुमार सोनी, सेल्फ डिफेंस टेक्निकल डायरेक्टर गणेश सिंह, खुशबू साकेत, वंदना प्रजापति, अर्पिता विस्वास अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। विद्यालय में उपस्थित लगभग 700 से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला सिंगरौली के विभिन्न विद्यालयों में टीम द्वारा जाकर क्रियान्वित कराया जा रहा है। हमारी बहन बेटियां जो स्वयं सेल्फ डिफेंस सीखने के लिए बाहर नहीं जा सकती हैं, उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है।

# रोजगार मेले में 334 आवेदको का प्रारंभिक चयन किया गया

सिंगरौली। मध्यप्रदेश शासन के मंशानुसार जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के मुख्यधारा जोड़ने उद्देश्य से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय सिंगरौली द्वारा रोजगार मेले का आयोजन कार्यालय के प्रांगण में किया गया। रोजगार मेला मे 9 कम्पनिया सम्मिलित हुई सह कैरियर काउसलिंग के दौरान 334 आवेदको का प्रारंभिक चयन किया गया। जिसमें 35 महिला आवेदक लाभान्वित हुई। साथ ही 115 आवेदको की काउसलिंग की गई। उन्होंने अपने जिज्ञासु प्रश्नो का उत्तर बिशेषज्ञो द्वारा प्राप्त किये।

चल रहे रोजगार मेले का कलेक्टर के द्वारा निरीक्षण किया गया एवं उपस्थित कम्पनियो के प्रतिनिधियों को अधिक से अधिक युवक युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के निर्देश दिये गये। मेले की सराहना करते हुये जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती सीमा बर्मा को हर माह इसी तरह से रोजगार मेले का आयोजन कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के मुख्यधारा से जोड़ने हेतु निर्देश दिये गये। कार्यक्रम के दौरान आईटीआई से अशोक श्रीवास्तव, पालीटेक्निक कालेज से श्री भण्डारी, एनआरएलएम से सौरभ, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से छविलाल अहिरवार, सेडमैप से अशोक त्रिपाठी, काउसलर सुदामा, श्रीमती खुशबु, संजीव सिंह, पुष्पराज सिंह उपस्थित रहे।

# सरई नगर परिषद इटमा घनी बस्ती मेंन रोड के किनारे नदी पर गिरा रहा है कचड़ा



## नगर परिषद पहले जगह तय करें, तभी डंपिंग करें कचड़ा अन्यथा होगा उग्र आंदोलनः सुनील जायसवाल

सिंगरौली। जिले के सरई नगर परिषद में अवैध रूप से घनी बस्ती इटमा में बर्दिया नाला के किनारे में इटमा वाया शिवगढ़,झारा मेंन रोड व बायपास रोड के किनारें गिराया जा रहा है वही कचरा डंपिंग से महज 100 मीटर मे प्राथमिक विद्यालय है लेकिन खुले में कचड़ा जिस तरह-तरह की बड़े-बड़े बीमारियों की बुलावा दिया जा रहा है गिला व सुखा दोनों कचड़ा एक साथ खुले में गिराया जा रहा है जिसके लिए कोई प्रोटोकॉल नहीं है वहीं ग्रामीणों के द्वारा कचरा गाड़ी रोकने पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता उर्फ बब्बी के द्वारा ग्रामीणों को धमकाया गया कि अगर आप गाड़ियां रोकेंगे तो आपके ऊपर मुकदमा कायम कर कार्यवाही कराएंगे वहीं स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय नेता सुनील कुमार जायसवाल के पास पहुंचे तो उन्होंने मौके पर जाकर कचड़ा स्थल को देखा वहीं पर नगर पंचायत के सीएमओ सुरेंद्र कुमार उईके को दूरभाष के द्वारा बात किया तो उन्होंने फोन भी देखते हैं फिर फोन बंद कर दिया वही पर नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती अनुराधा सिंह से बात भी नहीं हो पाई कचड़ा के संबंध में उनका भी मोबाइल बंद कर ली फिर स्थानीय वार्ड 10 के पार्षद प्रतिनिधि एडवोकेट गया प्रसाद यादव से बात करने पर उन्होंने बोला कि कचड़ा खुले में ही गिरेगा जिसको जो भी करना होगा तो करें क्योंकि स्थान डिसाइड नहीं हुआ है तो पार्षद प्रतिनिधि से सुनील जायसवाल बोले की नगर परिषद पहले जगह तय करें तभी डंपिंग करें कचड़ा अन्यथा हम लोग नगर पंचायत का घेराव,धरना प्रदर्शन व उग्र आंदोलन करेंगे जिसका जवाब देहीं संपूर्ण नगर परिषद प्रशासन रहा ।

# कादम्बरी कम्पलेक्स की दुकानो से निगम ने हटाया अवैध कब्जा

## अर्वटियो को दिलाया गया दुकानो का कब्जा

सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के निर्देशन में उपायुक्त नगर निगम आरपी बैस के द्वारा नवजीवन विहार वार्ड क्रमांक 32 में स्थित कादम्बरी कम्पलेक्स के पाँच दुकानो से अवैध कब्जे को हटाकर जिन व्यक्तियों को निगम द्वारा दुकाने आवंटित की गई है। उन्हें दुकानो का कब्जा दिलाया गया।



विदित हो कि नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा को कदम्बरी कम्पलेक्स की दुकानो में अवैध कब्जे की जानकारी मिली। इस पर निगमायुक्त के द्वारा दल गठित कर उक्त दुकानो से अवैध कब्जे हटाने की कार्यवाई की गई व जिन व्यक्तियों को दुकाने आवंटित की गई उन्हे दुकानो का कब्जा दिलाये जाने के निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देश के परिपालन में आज निगम के अतिक्रमण दस्ते के द्वारा कार्यवाही कर संबंधित दुकानदारो को दुकानो का कब्जा दिलाया गया। जिसमें दुकान क्रमांक 53 का कब्जा आवंटि शिवसरण, दुकान क्रमांक 67 का कब्जा सत्यदेव शाह, दुकान क्रमांक 71 का कब्जा रविन्द पटेल, दुकान क्रमांक 72 एवं 73 का कब्जा रामजी शाहू को मौके पर दिलाया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी, दिनेश तिवारी, प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार भूपेन्द सिंह,स्वच्छता निरीक्षक संतोष तिवारी सहित अतिक्रमण दल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

## जन औषधि केंद्र सहित ईसीयू वार्ड शीघ्र प्रारंभ कराने के दिए निर्देश

## चिकित्सक एवं अन्य हॉस्पिटल स्टाफ समय पर रहे उपस्थित : कलेक्टर



सिंगरौली। जिला चिकित्सालय सिंगरौली ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने हेतु कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया गया । कलेक्टर ने ट्रामा सेंटर जन औषधि केंद्र का अवलोकन किया एवं मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि शीघ्र कार्य पूर्ण करवा कर औषधि केंद्र प्रारंभ किया जाए. उन्होंने जिला चिकित्सालय में चल रही ओपीडी के साथ साफ सफाई व्यवस्था सहित वार्डो का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन को इस आशय के निर्देश दिये कि जिला चिकित्सालय के गहन आईसीयू वार्ड को प्रारंभ करने की पहल करें। तथा बेहतरीन चिकित्सकीय व्यवस्था दिये जाने हेतु पूर्ण व्यवस्थाएं उपलब्ध रहे। साथ ही चिकित्सालय की साफ सफाई की व्यवस्था जो भी रा मटेरियल है उनका परिवहन कराये जाने के साथ साथ सुरक्षा कार्य में लगे कर्मचारियो की उपस्थित नियमिति बनी रहे इस पर भी निगरानी रखी जाये। कलेक्टर ने उपस्थित चिकित्सको के साथ बैठक आयोजित कर निर्देश दिये कि हम सब को एक टीम भावना के साथ मिलकर कार्य करना है अपने कर्तव्यों का सही तरीके से पालन कर जनमानस की सेवा करे। साथ ही भर्ती मरीजो के साथ मधुर संबंध बनाये तथा उनका उचित उपचार करे। उन्होंने कहा कि हर संभव प्रयास रहे कि मरीजो को रेफर नही किया जाये अपने चिकित्सालय में चिकित्सा से संबंध सभी व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही सभी चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ अपने निर्धारित समय पर चिकित्सालय में उपस्थित होकर अपनी सेवा प्रदान करे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में संचालित लैब सहित बच्चा वार्ड एवं चिकित्सा से संबंधित टेस्ट किये जाने वाले मशीनो लैब का अवलोकन किया गया तथा निर्देश दिये कि समय पर जाँच रिपोर्ट उलंब्ध कराये। सिविल सर्जन को यह भी निर्देश दिये गये कि प्रति दिन ओपीडी वार्डो का अवलोकन करते रहे। ताकि किसी भी प्रकार की व्यवस्थाओं में असुविधा उत्पन्न नहो इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एनके जैन, सिविल सर्जन डॉ. देवेन्द्र सिंह सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# धरती के श्रृंगार हैं पेड़,जगत के प्राण आधार है पेड़ : कपिल मुनि

सिंगरौली। धरती पर जीवन तभी संभव है जब अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए नहीं तो एक स्पष्ट कहावत है की वृक्ष कटा जीवन मिटा,यहां तक की आज जो कोई भी व्यक्ति स्वसन के रूप में प्राणवायु ले रहा है वह दूसरे के द्वारा लगाए गए पौधों से ले रहा है जिसे उधार श्वसन कहा जा सकता है अत: स्वयं पेड़ लगा करके पेड़ की देखरेख करना अत्यधिक हितकर होगा।

विदित हो कि अभी हाल ही में पड़ रही गर्मी ने पूरे विश्व को झकझोर के रख दिया था,जहां का तापमान 50 से ऊपर चल रहा था जो मानव जीवन के साथ-साथ अन्य जीवों के लिए प्राण घातक साबित हुआ है। विश्व में पुन: से इस तरह से बेमौसम बारिश,ओलावृष्टि,पाला,आंधी तूफान एवं गर्मी के सितम से बचने का इसके लिए एक ही समाधान है।जिसको दृष्टिगत रखते हुए पर्यावरण बचाओ अभियान अंतर्गत विगत कई वर्षों से समाज सेवा में बड़े ही सक्रियता के साथ अपने जिम्मेदारियों को निष्ठा पूर्वक निभाने वाली समाजसेवी संस्था श्री शांतिनंदन जन विकास सेवा समिति मनिकपुर के अध्यक्ष एसएन मिश्रा एवं समिति के सदस्यों द्वारा 9 सितंबर 2024 से सिलसिला जारी है,वहीं जन भागीदारी के सहयोग से मानिकपुर, पीपरखड़, रेहदा में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया।वरिष्ठ समाजसेवी एवं समिति के संरक्षक कपिलमुनि मिश्रा सहित कई गणमान्य नागरिक,ग्रामीण जन उपस्थित रहे वही तीनों ग्राम के लोगों को पौधा वितरित किया गया तथा एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया व लोगों को यह संदेश भी दिया गया कि सभी लोग एक पेड़ माँ के नाम लगाएं,एवं उन पेड़ों की सुरक्षा भी हर हाल में करें ताकि आने वाले समय में पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके।

# चौकी खुटार पुलिस टीम ने 2 महिलाओ को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

सिंगरौली। मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विंधयनगर के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी खुटार श्री सुधाकर सिंह परिहार व पुलिस टीम ने गुम महिलाओ को दस्तयाब कर परिजनो को किया सुपुर्द। बताया जाता है की पुलिस चौकी खुटार पुलिस टीम द्वारा गुम इंसान क्रमांक 14/2024 की गुमशुदा सुचिता सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी कारकोसा थाना बैढ़न एवं गुम ईसान क्रमांक 90/2024 की गुमशुदा राधा सिंह उम्र 38 वर्ष थाना बैढ़न को आज दिनांक को खुटार पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही मे उप निरीक्षक सुधाकर सिंह चौकी प्रभारी खुटार, सउनि विश्वनाथ रावत, राजेश मिश्रा, प्रआ राय सिंह आर. विनोद शाख्य एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# शांति एवं भाई चारे के साथ सौहार्द पूर्ण वतावरण में मनाये त्योहार : कलेक्टर

सिंगरौली। गत वर्षो के भाति इस वर्ष भी हम सभी आने वाले त्योहारो को शांति एवं भाई चारे के साथ सौहार्द पूर्ण वतावरण में मिलकर मनाये। उक्त आशय का वक्तव्य कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शांति समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। विदित हो कि कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्री शुक्ला के अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समित की बैठ आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने उपस्थित समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुये कहा कि आने वाले त्योहार मिलाद उन नबी एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन आदि त्योहारो के आयोजन को मद्देनजर रखते हुये एवं जिलें में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु हम सब को मिलकर त्योहारो को शांति एवं भाई चारे के साथ मनाना है। वही बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों के सुझाव उपरांत यह निर्णय लिया गया कि गणेश प्रतिमा का विसर्जन निर्धारित स्थल तेलगवा एवं हिर्रवाह में स्थित जलाशय में पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ निर्धारित समय पर किया जाये। तथा स्थलो की साफ सफाई विद्युत व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध रहे। तथा छोटी गाड़ियो से ही प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाये। जिससे आवागमन बाधित न हो। इसी तरह से अन्य उपखण्डो में भी चयनित स्थलो पर ही गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाये।वही मिलाद उन नबी के जूलूस आदि के कार्यक्रम को भी हम सबको मिलकर मनाना है। तथा निर्धारित किये गये रूट से ही जूलूस निकाले जायेगे। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को इस आशय के निर्देश दिये गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु नगरीय क्षेत्र में चयनित किये गये प्रतिमा विसर्जन स्थलो पर आवश्यक साफ सफाई, प्रकाश, बैरिकेटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे। बैठक के अंत में कलेक्टर द्वारा शांति समिति के सदस्यो का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई बैठक के दौरान एसडीएम सृजन बर्मा, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, एसडीओपी मोरवा केके पाण्डेय, शांति समिति के सदस्य गण, थाना प्रभारी जिलाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# हिंडालको महान में गणेश पूजन समारोह सम्पन्न

## गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से गूँजा महान

सिंगरौली। हिंडालको महान औद्योगिक परिसर में आयोजित गणेश पूजन समारोह में भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। इस समारोह में पर्यावरण हितैसी पदार्थों से बनाए गए गणेश जी की मूर्ति की पूजा की गई और धार्मिक अध्ययन केंद्रों से पंडितों के वेद मंत्रों व गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से महान गूंज उठा।समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों से लोग भाग लिए और एक धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।



इस समारोह के माध्यम से लोगों ने अपने परंपरागत मूल्यों को महत्वपूर्ण माना और समुदाय के साथ मिलकर इसे समर्थन दिया। समारोह के दौरान पूजा और भजन के साथ ही कला और संस्कृति का प्रदर्शन भी किया गया।इस महत्वपूर्ण गणेश पूजन समारोह ने हिंडालको महान औद्योगिक परिसर को एक धार्मिक और सामाजिक ढांचे के रूप में स्वीकार किया और समृद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया।गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की विधि विधान से पूजन का कार्य,हिंडालको महान के इकाई प्रमुख एस.सेन्थिलनाथ,मानव संसाधन प्रमुख डाक्टर विवेकानंद मिश्रा,मैकेनिकल हेड आदर्श व ई. एंड आई प्रमुख संवित पटनायक भार्या सहित सम्पन्न किया। कार्यक्रम में स्मेल्टर हेड एस.शशि कुमार,कार्मिक प्रबंधक जमाल अहमद ,सी.एस. आर.प्रमुख संजय सिंह ने भी भगवान गणेश की विधि विधान से पूजन में भाग लिया।श्री गणेश जी के पूजनोत्सव मे कार्यक्रम में कई विभाग प्रमुखों ने सपरिवार विधिवत पूजा अर्चना की।समारोह में शामिल होने वाले लोग एक आपसी साझेदारी की भावना को प्रकट करते हुए, एक साथ आने का सुअवसर प्राप्त किया, जिससे समुदाय में एकता और समरसता की भावना को बढ़ावा मिला। समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे संगीताचार्य बृजेन्द्र त्रिपाठी उनकी टीम द्वारा शास्त्रीय संगीत व भजन की प्रस्तुति दी गई।इस प्रकार,गणेश पूजन समारोह हिंडालको महान औद्योगिक परिसर में न केवल धार्मिक महत्व का हिस्सा बनता है,बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक महत्व का भी।समारोह के दौरान समुदाय के युवाओं को भी अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति उत्साहित किया जाता है। युवाओं को मूल्यों, परंपराओं, और धर्मिक अद्भुतताओं के प्रति जागरूक बनाने का मौका मिलता है,और उन्हें अपने धर्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का प्रेरणा मिलता है।इस प्रकार के समारोह समाज को न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से जोड़ता है, बल्कि एक साथीय भावना को बढ़ावा देता है,जो समुदाय के साथ एक मजबूत और सामरस्य जीवन की ओर कदम बढ़ाता है।भगवान गणेश के विसर्जित कर अगले वर्ष पुन: आने के निवेदन के साथ इस वर्ष के कार्यक्रम के सफल आयोजन में हिंडालको महान के कार्मिक विभाग से मनीष सिंह, आलोक पाण्डेय, विनय तिवारी, मधुरेन्द्र राय,विजय रवानी, रितेश सिंह, सुचित, भास्कर, रिशंकर मिश्रा व विष्णु का विशेष योगदान रहा।

# नेशनल लोक अदालत 14 सितंबर को

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश ने की न्यायाधीश गण एवं जिला अधिवक्ता संघ के साथ बैठक



**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14 सितंबर 2024 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 14 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु दिनांक 11.09.2024 दिन बुधवार को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण तथा आवेदक अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विकास चौहान, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री बाबूलाल सिंह असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह, अधिवक्तागण श्री राजेन्द्र सिंह परिहार, श्री यज्ञ प्रताप सिंह, श्री राजेन्द्र यादव, श्री रमाशंकर केसरी, श्री रावेन्द्र शर्मा, श्री उत्तम सिंह चौहान, श्री सतीश शुक्ला सहित जिला न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, चेक बाउंस प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों, धन वसूली प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, पाँच किलो वाट तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जावेगी। इन प्रकरणों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जावेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत दिनांक 14.09.2024 में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी। अपराध शमन फीस, अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जावेगी।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सीधी में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितम्बर

**सीधी।** प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय ने जानकारी देकर बताया है कि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सीधी में संचालित पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन में कॉलेज लेवल काउसलिंग प्रथम चरण के पश्चात रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु दिनांक 15.09.2024 को महाविद्यालय में सीएलसी द्वितीय चरण आयोजित की जायेगी। प्रवेश हेतु योग्यता कक्षा 10वीं उत्तीर्ण है। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 11.09.2024 से 15.09.2024 तक कियोस्क के माध्यम से इंजीनियरिंग डिप्लोमा कोर्स के सीएलसी द्वितीय चरण का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर समस्त मूल दस्तावेजों एवं 2 सेट फोटोकॉपी व 2 पासपोर्ट साईज फोटो तथा शुल्क के साथ दिनांक 15.09.2024 को दोपहर 1 बजे तक ब्यौहारी रोड पनवार सेंगरान सीधी में स्थित महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

## 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

## पोषण माह अंतर्गत पूरक पोषण आहार, वृद्धि निगरानी थीम पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया



**सीधी।** पोषण माह के दौरान बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरक पोषण आहार- वृद्धि निगरानी थीम पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में अभियान अंतर्गत पोषण रैली, सुपोषण दिवस, पोषण मटका, अन्य मोटे अनाज से बने व्यंजनों एवं हरी सब्जियों का प्रदर्शन कर उपस्थित जन समुदाय को उनका महत्व बताया गया है।

जिला अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक द्वारा गर्भवती महिलाओं को हरी सब्जियों का सेवन करने के लिये प्रोत्साहित किया गया है। गर्भवती महिलाओं को हरी सब्जियों से प्राप्त होने वाली विटामिन से खून की पूर्ति आयरन फोलिक एसिड से होती है। पोषण मटका, ग्रीन थाली के माध्यम से प्रोटीन विटामिन के महत्व को समझाया गया। हितग्राहियों से आंगनवाड़ी केन्द्र से मिलने वाले लाभ और योजनाओं के बारे में बताया गया। सेक्टर पर्यवेक्षकों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों में उपस्थित हितग्राहियों से बात करने पर बताया गया कि पोषण आहार के पैकेट प्रत्येक मंगलवार को मिलता है। आंगनवाड़ी में बच्चों को खाना मिलता है। आंगनवाड़ी में बच्चों को पढ़ाया लिखाया जाता है। माह के अंदर आंगनवाड़ी में जो बच्चें आते हैं उनका वजन और उंचाई मापी जाती है। कुपोषित बच्चे मिलने पर एन.आर.सी. में भर्ती कराया जाता है। आंगनवाड़ी केन्द्रों में वाश सत्र का आयोजन कर किशोरी बालिकाओं एवं गर्भवती महिलाओं को साफ-सफाई के बारे में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया।

## सी एवं डी ग्रेड वाले विभाग शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें : एसडीएम



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा ने शिकायतों को प्राथमिकता पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास ने कहा कि शिकायतों के निराकरण के लिए सी एवं डी ग्रेड वाले विभाग विशेष प्रयास करें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें तथा शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यून होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग प्रमुख शिकायतों की स्वयं निगरानी रखें तथा शिकायतों की संख्या के आधार पर आवश्यक प्रक्रियात्मक सुधार करें जिससे शिकायतों की संख्या में कमी आए। बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आईआईटी दिल्ली के सहयोग से दो नवीन पाठ्यक्रम होंगे प्रारंभ




**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी में वर्तमान सत्र 2024- 25 से आईआईटी दिल्ली के सहयोग से दो नवीन सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ करने की स्वीकृत उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के द्वारा प्रदान की गई है। नवीन संचालित होने वाले दोनों पाठ्यक्रम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तथा फिनटेक विद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोजगारोन्मुखी होने से छात्रों के कैरियर निर्माण में उपयोगी होगा।

यह पाठ्यक्रम ऑनलाइन शिक्षण पद्धति से आईआईटी दिल्ली द्वारा संचालित किया जाएगा। सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की अवधि 90 घंटे की होगी। यह दोनों पाठ्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क होंगे, केवल चयनित विद्यार्थियों से राशि एक हजार रुपये सुरक्षा निधि के रूप में ऑनलाइन ली जाएगी, जिसे पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर वापस कर दिया जाएगा। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थियों जिन्हें कंप्यूटर संचालन का बेसिक ज्ञान हो उनके द्वारा प्रवेश परीक्षा हेतु अपना पंजीयन महाविद्यालय द्वारा प्रेषित गूगल फार्म के माध्यम से करना होगा। उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु समस्त स्नातक के छात्र-छात्राएं पात्र होंगे, जिनका चयन आईआईटी दिल्ली द्वारा निर्धारित तिथि पर एप्टीट्यूड टेस्ट के माध्यम से किया जाएगा। चयन हेतु टेस्ट निर्धारित तिथि में महाविद्यालय में ही होगा।

सभी इच्छुक विद्यार्थी अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय में पाठ्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. ए.के. त्रिपाठी तथा पाठ्यक्रम संचालक समिति, कंप्यूटर साइंस, गणित विभाग एवं भौतिक शास्त्र विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

# विद्युत पेंशनर की बैठक सम्पन्न




**सीधी।** विद्युत पेंशनर शाखा सीधी की बैठक दिनांक 10 सितंबर को संपन्न हुई जिसमें लगभग 80 से 85 तक विद्युत पेंशनर उपस्थित हुए सभी के समस्याओं का निराकरण के संबंध में चर्चा की गई जिसमें 10 विद्युत पेंशनों के जीएफ के खाते से दूसरे के खाते में पैसा भेजा गया था के संबंध में भी सभी के आवेदन प्राप्त किए गए जिन कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं 35 वर्ष से अधिक दी है उन्हें चौथ वेतनमान प्राप्त करने के लिए आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया 30 जून को सेवानिवृत हुए कर्मचारी जिनकी एक वेतन वृद्धि नहीं लगी थी मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र से काल्पनिक वेतन वृद्धि लगाने के लिए आदेश दिए गए थे उन कर्मचारियों के भी सभी दस्तावेज इकट्ठा किए गए जिसे लेखाधिकारी कार्यालय सीधी में जमा कर पुनरीक्षित वेतन पर आदेश बनवाने की कार्रवाई की जाएगी जिन पेंशनरों को 80 वर्ष के बाद 20% अतिरिक्त पेंशन भुगतान हो रही है जिनकी पेंशन 79 वर्ष के पश्चात ही 20% अतिरिक्त पेंशन का भुगतान होना चाहिए की प्रकरण इकट्ठा किए गए एक एवं 75 वर्षीय सम्मान समारोह के लिए भी कमेटी बनाई गई जिसमें सर्वसम्मत से पारित किया गया कि जिन विद्युत पेंशन की उम्र 75 वर्ष हो चुकी है उनका सम्मान किया जाना है जिसकी अगली बैठक 19 सितंबर को नियत की गई है आदि अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई इस सफलता पर विद्युत पेंशनरों ने काफी खुशी जाहिर की है।

## समाजवादी पार्टी के बने जिला अध्यक्ष राजेंद्र



**सीधी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं मध्य प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव और प्रदेश महासचिव सीधी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी राम प्रताप सिंह यादव की अनुशंसा अनुसार पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चुरहट राजेंद्र सिंह पटेल की कार्य कुशलता एवं पार्टी के प्रति निष्ठा लगन को देखते हुए जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गए हैं। राजेंद्र सिंह पटेल को सीधी सपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव रामपुर जिला महासचिव दिनेश सिंह सुखेंद्र यादव अभिमन्यु मिश्र चित्रसेन यादव राममिलन केवट बैजनाथ साकेत रामधनी कोल राजेश साकेत सिद्धू दादू सहित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की।

## प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र प्रारम्भ करने के संबंध में बैठक 12 सितंबर को

**सीधी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनीता तिवारी ने जानकारी देकर बताया कि दिनांक 12.09.2024 को सायं 4 बजे एन.एच.एम. मीटिंग हाल में रेडक्रास सोसायटी सीधी की प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र प्रारम्भ करने के संबंध में चर्चा हेतु बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने सभी रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों से नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## भाजपा के सदस्य बने, जिससे चलती रहे जन कल्याणकारी योजनाएं : प्रदेश मंत्री पाण्डेय



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं सीधी जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय इन दोनों जिले के संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तारतम में घर-घर संपर्क अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। बरम बाबा, कुचवाही, सेमरिया और सीधी नगर मंडल के कई शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं की बैठक के पश्चात सदस्यता अभियान में शामिल होते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बने और पार्टी को मजबूती प्रदान करें। जिससे जनकल्याण योजनाएं चलती रहे।

प्रदेश मंत्री श्री पाण्डेय ने कहा कि हम सभी को याद होगा कि कोरोना काल के दौरान पूरी दुनिया स्थिर हो गई थी, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साल भर के अंदर दो-दो वैक्सीन बनकर तैयार हुई और 100 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क वैक्सीनेशन की सुविधा मिली। 80 करोड़ से अधिक लोगों को दी जून की रोटी का प्रबंध किया गया। प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, एअर एंबुलेंस, उज्ज्वला योजना, अर्थात जन्म से लेकर जीवन के अंतिम क्षण तक की चिंता करने वाली सरकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। भारतीय जनता पार्टी ने केवल सरकार बनाने का कार्य न करते हुए अंत्योदय के व्यक्ति की भी चिंता की है। राष्ट्रवाद भारतीय जनता पार्टी की आत्मा है, इसलिए आप सभी से आग्रह है कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनकर राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में सहभागी बने। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, मंडल के प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, रामराज गुप्ता, संजय सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक सूबेदास यादव, अरुण भूतिया सहित शक्ति केंद्र में निवास रत पंच, सरपच, जनपद सदस्य, पार्टी के त्रिदेव और पंच परमेश्वर उपस्थित रहे और लोगों को संबोधित किया। दर्जनों लोगों को भाजपा प्रदेश मंत्री श्री पाण्डेय ने अपने रेफरल कोड से भाजपा की सदस्यता दिलाई।

## अनियंत्रित होकर पलटी बस, यात्री घायल

**सीधी।** सीधी से शहडोल बस जा रही कैपिटल बस पुराने बस स्टैंड सीधी से 6:25 बजे शहडोल के लिए रवाना हुई। जैसे ही जिले के 35 किलोमीटर दूर हल्दी मोड नीरज ढाबा के पास पहुंची तभी मड़वास तरफ से आ रही वाहन बोलोरो को साइड देने के चक्कर पर अनियंत्रित होकर पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीधी से 10 से 15 सवारी लेकर शहडोल जा रही कैपिटल बस में करीब एक दर्जन व्यक्तियों को मामूली चोट आई हुई है। बस में सवार अनिल गौतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़वास के कर्मचारी भी घायल हुए हैं। बस में सवार व्यक्ति अनिल गौतम जो हर रोज की तरह सीधी से मड़वास आ रहे थे बस दुर्घटना में सिर पर चोट लगी है। बस में सवार व्यक्तियों ने बताया कि कैपिटल बस की रफ्तार अधिक थी। मड़वास तरफ से आ रही बोलेरो वाहन अचानक मोड पर आ जाने से कैपिटल बस चालक तेज गति से मोड़ने की कोशिश में बस पलट गई।

# भाजपा सांसद जूटे संगठन पर्व में, हजारों को प्रेरित कर, दिलाई भाजपा की सदस्यता



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा दिल्ली से लौटते ही भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व सदस्यता अभियान के लिए जुट गए।

इसी तारतम्य में लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के निमित्त सिहावल विधानसभा के मंडल बहरी के ग्राम केशवाही बूथ क्र.189 में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की और भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके पश्चात जिले के विभिन्न मंडलों में पहुंचकर हजारों लोगों को सदस्यता के लिए प्रेरित करते हुए अपने रेफरल कोड से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता की।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष पुनीत पाण्डेय, महामंत्री श्यामलाल यादव, विनय द्विवेदी, नीरज सिंह चंदेल, दिवाकर द्विवेदी, जय प्रकाश पाण्डेय, कृपा पाण्डेय, राजबहोर द्विवेदी, रमेश तिवारी, विनीत राही, रमेश यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के संवेदनशील सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने सीधी के ग्राम पंचायत खजूरी स्थित शासकीय मॉडल स्कूल में कई छात्रों के स्वास्थ्य खराब होने की सूचना मिलते ही तत्काल सारे कार्यक्रम स्थगित करते हुए जिला चिकित्सालय पहुंचकर बीमार हुए छात्र-छात्राओं के हाल जाने और उपचार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सांसद डॉक्टर मिश्रा स्वयं डॉक्टर होते हुए सभी के बीमारियों का परीक्षण भी किया, जिससे बीमार हुए छात्र-छात्राओं के परिजनों ने सांसद की सक्रियता को खूब सराहा। सांसद डॉक्टर मिश्रा ने सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

**डॉ मनोज बने स्वास्थ्य विभाग के लिए सांसद प्रतिनिधि**

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने भाजपा नेता और चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के डॉक्टर मनोज सिंह परिहार को स्वास्थ्य विभाग के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। डॉक्टर परिहार की नियुक्ति से उनके शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

## संपादकीय

### क्षेत्रीय स्थिरता के लिए दक्षेस की सक्रियता जरूरी

कुछ वर्ष पहले तक दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन यानी दक्षेस या सार्क के तहत इसमें शामिल देशों के बीच आपसी साझेदारी से लेकर वैश्विक मसलों पर रुख तय करने की समझ बनती थी। मगर पिछले कुछ वर्षों के दौरान दक्षिण एशियाई देशों के बीच कूटनीतिक और अन्य मसलों पर जैसे हालात पैदा हुए हैं, उसमें धीरे-धीरे एक तरह की अघोषित दूरी बनती गई। नतीजा यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले उतार-चढ़ाव में एक अहम भूमिका निभाने वाला दक्षेस करीब एक दशक से निष्क्रिय पड़ा हुआ है। समस्या यह पैदा हुई है कि इसमें शामिल देशों में अगर कोई बड़ी समस्या भी खड़ी हो जाती है तो अब आपसी सहभागिता से कोई हल निकालने या उसमें मदद करने की गुंजाइश लगभग ठप पड़ गई है। जबकि पड़ोसी देशों के बीच अच्छे संबंध या कूटनीतिक स्तर पर एक परिपक्व समझदारी कायम हो, तो किसी जटिल समस्या के समाधान की राह खोजने में मदद मिलती है। शायद इसी को ध्यान में रखते हुए बांग्लादेश में व्यापक उथल-पुथल के बाद गठित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन के मकसद को बहाल करने से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकालने का रास्ता आसान हो जाएगा। इस क्षेत्रीय समूह में भारत और बांग्लादेश के साथ-साथ अफगानिस्तान, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। पहले इसकी बैठकों में इन देशों में उपजी समस्याओं और उनकी जटिलताओं पर बातचीत होती थी। मगर इस बीच भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद का असर इस संगठन पर भी पड़ा और दक्षेस की बैठक एक तरह से ठप पड़ गई। दक्षेस को फिर से जिंदा करने की बांग्लादेश की ताजा इच्छा से इतर पिछले कुछ समय से नेपाल भी इसे सक्रिय करने की कोशिश कर रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि क्षेत्रीय स्तर पर उभरने वाली परिस्थितियों के हल में दक्षेस की मजबूत भूमिका हो सकती है, क्योंकि संवाद और विमर्श किसी समस्या के हल का सबसे कारगर औजार होता है। नए बनते वैश्विक हालात में दक्षेस को पुनर्जीवित करना निस्संदेह वक्त की जरूरत है।

# देवभूमि को आखिर कौन कर रहा है बर्बाद?

(मृत्युंजय दीक्षित)

हिमाचल के जिस क्षेत्र में जहां 95 प्रतिशत हिंदू आबादी रहा करती थी वहां पर पांच मंजिल की अवैध मस्जिद बन चुकी है, मस्जिद में आने वाले मुसलमानों ने स्थानीय हिन्दू परिवारों का जीना दूभर कर दिया है, हिन्दू सड़क पर हैं लेकिन सरकार सो रही है।

हिमालय की गोद में बसे भारत के दो छोटे राज्य हिमाचल और उत्तराखंड सनातन ऋषि परम्परा के साक्षी तथा वाहक और सरलमना संतोषी निवासियों के कारण देवभूमि कहे जाते हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले वाले ये राज्य प्रायः ही प्राकृतिक आपदाओं से जूझते हैं किंतु अब यह दोनों ही राज्य इस्लामिक जिहाद का गढ़ भी बनते जा रहे हैं। दोनों ही राज्यों में बांगलादेशी व रोहिंग्या का दायरा बढ़ता जा रहा है। घुसपैठिये धीरे-धीरे जल, जंगल और जमीन के साथ लव जिहाद तथा अन्य माध्यमों निरंतर धर्मान्तरण का प्रयास भी कर रहे हैं। दोनों ही राज्य हिन्दू संस्कृति की दृष्टि से भीषण खतरे में हैं।



हिमाचल के जिस क्षेत्र में जहां 95 प्रतिशत हिंदू आबादी रहा करती थी वहां पर पांच मंजिल की अवैध मस्जिद बन चुकी है, मस्जिद में आने वाले मुसलमानों ने स्थानीय हिन्दू परिवारों का जीना दूभर कर दिया है, हिन्दू सड़क पर हैं लेकिन सरकार सो रही है। प्रश्न है किआखिर वे कौन से तत्व हैं जो देवभूमि को बरबाद करने पर तुले हुए हैं? उत्तराखंड और हिमाचल दोनो ही राज्य कानून और व्यवस्था के मामले में अच्छे राज्य गिने जाते थे, चोरी-चकारी, छीना-झपटी जैसी चीजें वहां होती ही नहीं थीं किंतु घुसपैठियों की बढती संख्या के साथ साथ अब आपराधिक घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है।

दोनों ही राज्यों में अवैध मस्जिदों और मजारों को लेकर लगातार विवाद हो रहे हैं। उत्तराखंड के जंगलों में अवैध मजारें बना दी गईं, जब सरकारी प्रशासन को पता चला तो वहां पर बुलडोजर चला कर मजारों को ध्वस्त किया गया। ये सभी मजारें अवैध और सुनियोजित साजिश के तहत जमीन जिहाद का एक हिस्सा थीं। इसी क्रम में ताजा प्रकरण हिमांचल प्रदेश के संजौली का है, जहां एक पांच मंजिला अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर स्थानीय जनता आंदोलन कर रही है और सुरक्षा कारणों से कांग्रेस सरकार से मस्जिद को ध्वस्त करने की मांग कर रही है क्योंकि मामला कोर्ट में भी है इसलिए प्रशासन आराम से बैठा है। संजौली की यह मस्जिद सरकारी जमीन पर बनी है यह राजधानी शिमला के माल रोड से लगभग पांच किलोमीटर दूर है। इस मस्जिद में आने वाले मुसलमाओं में बड़ी संख्या में रोहिंग्या होने के आरोप हैं। अगर ये आरोप सही है तो प्रश्न उठता है कि बांग्लादेश से आने वाले रोहिंग्या 95 प्रतिशत आबादी वाले हिंदू इलाके में पहुंच कैसे गये?

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने ही विधानसभा में इस मस्जिद को अवैध बताया और इसे गिराने की मांग करते हुए कहा कि संजोली बाजार में महिलाओं का चलना मुश्किल हो गया है, चोरियां हो रही हैं, लव जिहाद जैसी घटनाएं हो रही हैं जो प्रदेश के लिए खतरनाक हैं। दूसरी ओर वक्फ बोर्ड कह रहा है कि ये जमीन सरकार की नहीं अपितु उसकी है। तथ्य ये है कि वर्ष 1967 के सरकारी दस्तावेज इस बात की पुष्टि करते हैं कि ये जमीन सरकार की थी। कुछ सालों पहले तक यह छोटी सी मस्जिद थी जो अब पांच मंजिल की बन चुकी है। मस्जिद का मामला कोर्ट में 14 वर्षों से विचाराधीन है और मुकदमे की 44 बार सुनवाई हो चुकी है।

हिमाचल का संजोली मस्जिद विवाद गहरा जाने के बाद यह बात जोर पकड़ रही है कि क्या पर्वतीय प्रदेशों में जनसांख्यिकीय सतुंलन बदलने का सुनियोजित षड्यंत्र चल रहा है? दोनों ही प्रान्तों में मुसलमानों, मजारों और मस्जिदों की संख्या तेजी से बढ़ रही है? इन प्रान्तों में हिन्दुओं की आबादी लगातर कम हुई है जबकि मुसलमानों की आबादी में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 1951 में हिमांचल प्रदेश में हिन्दुओ की आबादी 98.14 प्रतिशत थी जो वर्ष 2011 में 95.2 प्रतिशत हो गई थी। अलग-अलग समय की जनगणना से ये पता चलता है कि जहां एक तरफ हिमांचल प्रदेश में हिन्दुओं की आबादी लगातार कम हुई है और वहीं मुसलमानों की आबादी लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2011 से हमारे देश में जनगणना नहीं हुई है और पिछले 13 वर्षों में हिमाचल प्रदेश की डेमोग्राफी कितनी बदली हे अभी इसके सटीक आंकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं हैं।

चार साल में बढ़ गई 12 मस्जिदें- स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 10 से 12 वर्षों में मुसलमानों की आबादी तेजी से बढ़ी है और इसका अनुमान हिमांचल में बनी नई मस्जिदों से लगाया जा सकता है। हिमांचल प्रदेश हिंदू जागरण मंच का दावा है कि कोविड से पहले प्रदेश में 393 मस्जिदें थीं जिनकी संख्या कोविड के बाद 520 हो गई। इन सभी 127 मस्जिदों का निर्माण कोविड के समय हुआ था। ज्ञातव्य है कि कोविड के दौरान लाकडाउन के समय नियमों को तोड़ने की सबसे अधिक घटनाएं मुस्लिम सम्प्रदाय द्वारा ही की गई थीं।

हिमांचल की राजधानी शिमला में पहली बार सांम्प्रादायिक तनाव की स्थिति पैदा हुई है और हिन्दू जनमानस को अपनी सुरक्षा के लिए सड़क उतरना पड़ा है। हिन्दुओं की एकमात्र मांग है कि पांच मंजिला अवैध मस्जिद को ध्वस्त किया जाये ओर बांग्लादेशी व रोहिंग्याओ घुसपैठियों को बाहर किया जाये। अब कांग्रेस सरकार के मंत्री ही अपनी सरकार से विनती कर रहे हैं कि इस बात की जांच कराई जाए कि अचानक प्रदेश में बाहरी मुसलमानों की संख्या कैसे बढ़ गई? रेहड़ी पटरी और बाजारों पर रोहिंग्या मुसलमानों का कब्जा कैसे हो गया? इस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने ही मंत्री को नसीहत दे डाली कि मंत्रियों व विधयाकों को इस तरह के मामलों में नहीं पड़ना चाहिए।

आंदोलनकारी जनता कह रही है, अगर सरकार इस मस्जिद को नहीं गिराती हे तो वह स्वयं आगे आगे आकर इसे गिरा देंगे। ज्ञातव्य है कि शिमला में ढाई मंजिलसे अधिक ऊँची इमारत बनाने पर प्रतिबन्ध है। देवभूमि क्षेत्रीय संगठन के नेतृत्व तले प्रदर्शनकारियों ने ये यह साफ कर दिया है कि उन्हें शिमला के स्थानीय मुसलमानों से कोई परेशानी नहीं है लेकिन रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमान समस्या बन गये हैं। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि शिमला की सड़कों पर लगने वाली दुकानों पर रोहिंग्या मुसलमानों ने कब्जा कर लिया है वे हिन्दुओं को दुकानें नहीं लगाने देते, बहन बेटियों को छेड़ते हैं, विरोध करने पर खून खराबे पर उतर आते हैं।

**फैसला होगा उसका पालन सरकार करायेगी ?:** अब इस प्रकरण पर सभी मुस्लिम हितैषी कूद पड़े हैं, एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने राहुल गांधी से सवाल पूछा कि, मुहब्बत की दुकान में इतनी नफरत कहां से आ गई? मस्जिद का मुकदमा कोर्ट में है तो हिंदू उसे गिराने की मांग कर रहे हैं, कांग्रेस के मंत्री उनकी बातों का समर्थन कर रहे हैं। टीवी चैनलों व सोशल मीडिया पर भी बहस प्रारम्भ हो गई है। हर बार की तरह उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी व अन्य क्षेत्रीय दल बहसो में जोरदार ढंग से मुस्लिम तुष्टिकरण कर रहे हैं। संविधान के रक्षक इंडी गठबंधन के सभी दल अवैध मस्जिद को वैध बता रहे हैं और बयान दे रहे हैं कि भारत में कोई भी व्यक्ति कहीं भी किसी भी स्थान पर रह सकता है।

इन परिस्थितियों से स्पष्ट प्रतीत प्रतीत हो रहा है कि भारत में अवैध नागरिकों का प्रवेश कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोग ही करा रहे हैं और डेमोग्राफी बदलने की साजिश रच रहे हैं। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि कांग्रेस मंत्री अनिरूद् सिंह लव जिहाद और रोहिंग्या घुसपैठियों जैसे शब्दों का इस्तेमाल करके भाजपा की जुबान बोल रहे हैं।

उत्तराखंड में चार जिलों में डेमोग्राफिक बदलाव- उत्तराखंड के चार जिलों में भी तीव्रता के साथ डेमोग्राफिक बदलाव देखने को मिल रहा है। चार मैदानी जिलों हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल और देहरादून में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2001 में हरिद्वार में हिन्दुओं की आबादी 65.3 प्रतिशत जो 2011 में घटकर 64.3 प्रतिशत रह गई जबकि मुसलमानों की आबादी में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और ये 33 से 34.3 प्रतिशत तक पहुंच गई। इसी प्रकार देहरादून में हिन्दुओं की आबादी 0.7 प्रतिशत घट गई। विगत 10 वर्षों में ऊधम सिंह नगर में हिन्दुओं की आबादी 0.4 प्रतिशत कम हो गई जबकि मुसलमानों की आबादी 2 प्रतिशत बढ़ गई।

उत्तराखंड में भी अपराध बढ़ गये हैं जिसमें बालिकाओं के साथ दुष्कर्म व छेड़छाड़, लव जिहाद, लोगों के पर्स व मोबाइल आदि छीनकर भाग जाना, बाजारों में चोरी चकारी जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ गई हैं। अभी हाल ही में कुछ भगवाधारी नकली साधुओं को पकड़ा गया जो वास्तव में बांग्लादेशी रोहिंग्या निकले। एक नकली बाबा बद्रीनाथ धाम को बदरुद्दीन की मजार बता रहा था। हिंदू आस्था के सबसे बड़े केंद्रों को नकली भगवा चोला ओढ़कर मजार व मस्जिद बताया जा रहा है इससे बड़ा षड्यंत्र और क्या होगा? यही नकली बाबा धार्मिक स्थलों पर माहौल खराब करने की भी साजिश रच रहे हैं। अब यह समय हिन्दुओं के लिए सतर्कता व सजगता का है।

# जाति जनगणना के पक्ष में क्यों है आरएसएस

(उमेश चतुर्वेदी)

भारतीय समाज अजब कशमकश से गुजर रहा है। शहरीकरण के साथ एक तरफ जहां जातिवाद का असर कम हो रहा है, वहीं राजनीति के स्तर पर जातिवादी सोच नए सिरे से परवान चढ़ चुकी है। आजादी के आंदोलन के अगुआ गांधी की जाति को लेकर जो सोच थी, उसके ठीक उलटी तरफ आज की कांग्रेस की राजनीति है। गांधी जी ने 1930 में लिखा था, 'मेरे, हमारे, अपनों के स्वराज में जाति और धर्म के आधार पर भेद का कोई स्थान नहीं हो सकता। स्वराज सबके लिए, सबके कल्याण के लिए होगा।' लेकिन आज कांग्रेस की अगुआई वाले इंडिया की ओर से उठी जाति आधारित जनगणना की मांग ने पिछड़े और दलित समुदायों की आकांक्षाओं को उस जगह पहुंचा दिया है, जहां से वापसी चुनौतीपूर्ण लग रही है।



**संघ की सोच -** शायद यही वजह है कि इस मांग की भाजपाअनदेखी करती रही है। चूंकि विपक्षी दलों की ओर से इस मुद्दे पर लगातार आक्रामक रवैया अख्तियार किया जा रहा है, इसलिए बीजेपी बचाव की भूमिका में नजर आती रही। ऐसे माहौल में जाति आधारित जनगणना पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जो विचार जाहिर किया है, उसने भाजपा को धर्मसंकट से बचा लिया। केरल में तीन दिनों तक चली प्रतिनिधि सभा के बाद संघ ने कहा है, 'हिंदु समाज में जाति और जातीय संबंध एक संवेदनशील मुद्दा है। यह हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसे बहुत गंभीरता से निपटाना चाहिए न कि केवल चुनाव या राजनीति के लिए।'

**लक्ष्य पर कायम -** कुछ राजनीतिक जानकारों को लगता है कि जाति को लेकर संघ ने अपने विचार बदल लिए हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। आरएसएस का लक्ष्य हिंदू समाज में ऊंच-नीच के भाव को खत्म करके एकता का भाव भरना है। संघ को ठीक से जानने वाले समझते हैं कि वह अपने इस लक्ष्य पर कायम है। चूंकि राजनीतिक रूप से जाति के मुद्दे को जाति जनगणना के मुद्दे पर सनसनीखेज बना दिया गया है इसलिए इस मुद्दे की अनदेखी आसान नहीं है।

**उन्माद के खिलाफ-**संघ जाति जनगणना की वकालत कर रहा है तो इसलिए कि जो समुदाय पीछे रह गए हैं, उन्हें अगर इससे आगे आने का मौका मिलता है तो वह मिल सके। इसलिए नहीं कि जातीय उन्माद फैले और उसका राजनीतिक फायदा उठाया जाए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर गांधी जी का नाम लेते हैं और उनके हवाले से मौजूदा सरकार और उसकी नीतियों को कोसते हैं। लेकिन जातिवादी व्यवस्था को लेकर वह गांधी के विचार को एक बार भी याद नहीं करते।

**नेहरू, पटेल, आजाद -** भारतीय समाज को बांटने के एक औजार के तौर पर 1931 में अंग्रेजों ने पहली बार जनगणना में जाति के आधार को भी शामिल किया था। दूसरे विश्वयुद्ध के चलते 1941 में जनगणना नहीं हुई। लेकिन 1951 में जब पहली बार आजादी के बाद जनगणना हो रही थी, तब भी जाति को आधार बनाने की मांग उठी थी। तब गृहमंत्री सरदार पटेल ने इससे साफ इनकार कर दिया था। पटेल ने कहा था, 'जाति जनगणना देश के सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ सकती है।' इसका समर्थन नेहरू, आंबेडकर और मौलाना आजाद ने भी किया था।

**लोहिया की राय -** जातिवादी जनगणना की मांग में समाजवादी खेमा भी आगे है, जो खुद को लोहिया का अनुयायी कहता है। डॉ. राममनोहर लोहिया की जाति को लेकर विशेष सोच थी। उन्होंने लिखा है, 'जाति प्रणाली परिवर्तन के खिलाफ स्थिरता की जबरदस्त शक्ति है। यह शक्ति क्षुद्रता और झूठ को स्थिरता प्रदान करती है।'

**भाजपा का असमंजस -** भाजपा की राजनीति हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की वैचारिक बुनियाद पर विकसित हुई है। उसका पारंपरिक और कोर समर्थक वर्ग हर उस मुद्दे के क्रियान्वयन की उम्मीद उसी अंदाज में करता है, जिस अंदाज में उसने भाजपा के विपक्ष में रहते हुए पार्टी का साथ दिया था। जब भी पार्टी का कोर मुद्दों से वक्ती दबाव में विचलन होता दिखता है, कोर समर्थक कभी हताशा तो कभी गुस्से से भर उठता है। जाति जनगणना पर भाजपा अगर पशोपेश में दिख रही है तो उसके पीछे कोर समर्थकों का यही दबाव है। ऐसे में जाति जनगणना पर आए संघ के विचार ने उसकी राह थोड़ी आसान जरूर की है।

**योगी का संदेश -** दूसरी तरफ इसी माहौल में योगी आदित्यनाथ लगातार कोर हिंदुत्व की बात कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में आगरा में जो कहा, वह जातिवाद और आरक्षण के इर्द-गिर्द घूम रही मौजूदा जाति केंद्रित राजनीति का जवाब है। आदित्यनाथ ने आगरा में वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर कहा कि बंटेंगे तो कटेंगे। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद जिस तरह अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले बढ़े हैं, उस संदर्भ में यह बयान था।

**बीच की राह -** आदित्यनाथ की भाषा थोड़ी सख्त जरूर है, लेकिन वह देश के बहुसंख्यक समाज को संदेश दे रहे हैं। उनके बयान को बांटने वाली वैचारिकी के जवाब के रूप में भी देखा जा रहा है। एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जो मान रहा है कि योगी एक तरह से हिंदू समाज के एकीकरण की बात करके करके राहुल, अखिलेश और तेजस्वी की सियासी काट का नया रसायन पेश कर रहे हैं। एक तरफ जाति आधारित जनगणना के जवाब में योगी का विचार है तो दूसरी तरफ संघ की इस पर परोक्ष स्वीकृति है। तय है कि भाजपा इनके बीच से इस मुद्दे की राह निकालेगी। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5489

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | ■ |
| 6 | | | ■ | 7 | | ■ | 8 |
| ■ | 9 | | 10 | | 11 | 12 | |
| 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 | |
| 17 | 18 | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | | ■ | 22 | | |
| | ■ | | ■ | 23 | | | ■ |
| 24 | | ■ | 25 | | | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1951 को विंस्टन चर्चिल इस देश के प्रधानमंत्री बनें (3)
4. नार्वे ने इस देश से 1905 को स्वतंत्रता प्राप्त की (3)
6. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
7. बांग्लादेश की प्रचलित मुद्रा (2)
9. पीछे चलने वाली, गजल में काफिए के बाद आने वाला शब्द या शब्द-समूह (3)
11. पावती, पहुंच पत्र, वस्तु आदि पहुंचने का प्रमाण पत्र (3)
14. लेखनी, काटकर लगाने की टहनी (3)
16. प्रतिष्ठा, इज्जत, आबरू (2)
17. गरदन, ग्रीवा, अधिक पका हुआ (2)
19. ग्रीष्म ऋतु का फल जो फलों का राजा कहलाता है (2)
20. झूमते हुए चलना, इतराते हुए चलना (4)
22. भरोसा, एतबार, यकीन (3)
23. स्पर्शमणि, पारोसा (3)
24. यह मरुस्थल भारत के उत्तर-पश्चिम में तथा पाकिस्तान के दक्षिण-पूर्व में स्थित है (2)
25. बहस, तर्क, दलील (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. दर्जी, वेशकाट, सूचिक (3)
3. पास, करीब, निकट (4)
4. मीठा, कक्षावली, कोष्ठावली (2)
5. उर्ध्ववायु, पश्चिम अफ्रीका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की राजधानी (3)
8. देह, काया, शरीर, तन (3)
10. फलित होना, फलना (4)
12. शेखर कपूर निर्देशित फिल्म बैंडिट क्वीन की बैंडिट क्वीन (5)
13. हिमालय पर्वत सर्वोच्च शिखर माउंट एवरेस्ट का नेपाल में इस नाम से जाना जाता है (5)
15. मेरा या मेरी (2)
18. फौज का दस्ता, उर्दू का एक अक्षर (2)
21. फन, हुनर, आर्ट (2)
22. बिछुड़ने का दुख, वियोग, जुदाई (3)
23. वस्तु आदि का दूसरा किनारा (2)

### वर्ग पहेली 5488 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लॉ | ई | मै | का | ले | ■ | गु | म |
| न | ■ | ला | ल | न | पा | ल | न |
| टे | क | ■ | ■ | दा | स | ■ | भा |
| नि | क | ल | ■ | र | ■ | भा | व |
| स | ह | गा | न | ■ | ता | र | न |
| ■ | रा | न | ■ | ■ | र | त | ■ |
| गि | ■ | ■ | का | ल | पी | ■ | ता |
| नी | र | ज | ■ | ता | न | पू | रा |

# सवाल तो नीयत का है

(उत्कर्ष गहरवार)

पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर की यह स्वीकारोक्ति महत्वपूर्ण है कि 1999 के करगिल युद्ध में पाकिस्तानी सेना शामिल थी। पहली बार पाकिस्तान सेना ने इतने ऊंचे स्तर पर और इतने स्पष्ट रूप में यह सच स्वीकार किया है। यह कबूलनामा साबित करता है कि चाहे कोई व्यक्ति हो या देश, सच से ज्यादा समय तक भाग नहीं सकता। देर-सबेर उसे सच को मानना ही पड़ता है।

### झूठा दावा

तथ्य यह है कि 1999 में करगिल में चोरी-छुपे भारत की सीमा में घुस आने के बाद भी पाकिस्तान सेना इस तथ्य से मुंह चुराती रही। उसने बार-बार यही कहा कि करगिल में कश्मीर के स्थानीय लड़ाके ही लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां तक कि भारत ने जब इस युद्ध में मारे गए पाकिस्तानी सैनिकों के शव सौंपने चाहे, तब भी पाकिस्तान ने उन्हें लेने से इनकार कर दिया।

### मुश्किल था छुपाना

बाद के घटनाक्रम ने साफ किया कि पाकिस्तान के लिए इस सच को छुपाना मुश्किल साबित हो रहा था। लिहाजा वह टुकड़ों और इशारों में सच बताता रहा। करगिल युद्ध के दौरान सेना प्रमुख रहे और बाद में राष्ट्रपति बने परवेज मुशर्रफ ने 2006 में आई अपनी किताब में स्वीकार किया कि करगिल प्रकरण के चलते उनके और तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ के बीच दरार आई। 2010 में पाकिस्तान सेना ने आधिकारिक वेबसाइट पर शहीदों का कोना खंड के अंतर्गत करगिल संघर्ष में मारे गए 453 सैनिकों के नाम डाले। पिछले दिनों पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी मान चुके हैं कि पाकिस्तानी सेना ने लाहौर समझौते का उल्लंघन किया था।

### रिश्तों पर असर नहीं

पाकिस्तानी आर्मी चीफ के ताजा बयान को सच स्वीकारने की दो दशक पुरानी कोशिशों की नवीनतम कड़ी के ही रूप में देखा जा सकता है। लेकिन अब जब पाकिस्तानी सेना ने सर्वोच्च स्तर पर करगिल युद्ध का सच मान लिया है तो सवाल यह है कि क्या इससे दोनों देशों के रिश्तों पर कोई पॉजिटिव प्रभाव पड़ेगा। सीधा जवाब यह है कि ऐसी कोई संभावना कम से कम फिलहाल नजर नहीं आ रही।

### ढुलमुल रवैया

दिक्कत यह है कि इस स्वीकारोक्ति के पीछे ईमानदारी और साफगोई नहीं है। हालांकि हाल में पाकिस्तान की तरफ से रिश्ता सुधारने की परोक्ष पेशकश कई बार आ चुकी है, सहृह की बैठक के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाकिस्तान आने का न्योता भी भेजा गया है, लेकिन आतंकी तत्वों से दूरी दिखाने का कोई उल्लेखनीय प्रयास आज भी नजर नहीं आता। खुद आर्मी चीफ ने अपने ताजा बयान में भी कश्मीर को ग्लोबल मसला बताया जबकि शिमला समझौते में दोनों देश इसे एक द्विपक्षीय मुद्दा मान चुके हैं। ऐसा

# आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके कोष में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। शुभ कार्य पर आपका धन खर्च होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होने से आपको लाभ होगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे और आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

### मिथुन

आज दिन सामान्य है और आपको हर कार्य में सामान्य रूप से सफलता प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको करियर और व्यवसायिक क्षेत्र में मनचाही सफलता मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से हर्ष दायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा।

### सिंह

आज करियर में लाभ होगा और आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तन हो सकता है।

### वृषभ

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपकी आमदनी में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आज ऑफिस में लोग आपको पीछे करके आपसे आगे निकलने की कोशिश करेंगे और इस वजह से आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाये जा सकते हैं।

### कर्क

आज दिन लाभ से भरा होगा और शुभ कार्य में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। जो भी निर्णय आप लेंगे उसमें आपको लाभ होगा और आपकी संतान के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रफुल्लित होगा और आपको लाभ होगा।

### कन्या

आज दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा और आपको एक साथ कई सारी जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी। ऑफिस में आपकी योग्यता और क्षमता को देखते हुए आपको अलग से कुछ काम दिया जाएगा। इस कारण आप खुद को काफी दबाव में महसूस करेंगे और दिन भर भागदौड़ करते रहेंगे।

### तुला

आज करियर सफलता से भरा होगा दिन काफी दबावपूर्ण रहेगा। आपको अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक अशांति रहेगी और आप दिन भर परेशान रहेंगे। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी।

### धनु

आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगा और नौकरी कारोबार के मामले में लाभ होगा। ऑफिस से जुड़े कार्यों में सफलता प्राप्त होगी और आपके घर में धन धान्य की वृद्धि होगी। आपको मित्रों से धन का लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी और आपकी हर इच्छा पूर्ण होगी।

### कुंभ

आज सफलता प्राप्त होने से मन में हर्ष होगा। सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपको कर्म फल की सिद्धि प्राप्त होगी। कहीं से कमा कमाया धन मिलने के योग हैं। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। भाई बन्धुओं से मतभेद और क्रोध अधिक न करें।

### वृश्चिक

आज दिन करियर के मामले में काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है और इससे आपका काम फिर से पटरी पर आ सकता है। आप अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएंगे तो आपको कुछ बड़ा लाभ हो सकता है। आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

### मकर

आज दिन लाभ देने वाला होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न होगा। अच्छे लोगों से मिलकर आप खुश होंगे और आपकी सभी जिम्मेदारियां समय से पूरी होंगी उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद सम्बन्धी विवाद का समाधान भी हो जाएगा।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए भाग्य में वृद्धि का दिन है। पूरे दिन आय के नये स्रोत सामने आयेंगे। विरोध पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा। आपकी रुकी कार्ययोजनाएं फिर से आरंभ हो सकती हैं और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर में डबल इंजन सरकार का लाभ केवल भाजपा को मिला : उमर अब्दुल्ला



**किश्तवाड़, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी का दौर तेज होता जा रहा है। सभी दल अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं और एक दूसरे पर हमलावर हो रहे हैं। इसी कड़ी में, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को किश्तवाड़ के कुतवाड़ा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार सज्जाद अहमद किचलू और पद्दार नागसीनी के उम्मीदवार पूजा ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा धर्म की राजनीति की। उमर अब्दुल्ला ने भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में डबल इंजन सरकार का दावा किया। हमने भी 10 साल तक डबल इंजन सरकार देखा, लेकिन इसका लाभ केवल भाजपा को मिला। हम सालों से इस दिन का इंतजार कर रहे थे कि चुनाव आएंगे। 2014 में भाजपा ने उन लोगों से हाथ मिला लिया, जिनके खिलाफ भाजपा बोलती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा धर्म के नाम पर राजनीति की, हमने कभी ऐसा नहीं किया। मैं जानता हूं कि जब हम परेशान होते हैं, तो हर धर्म के लोग परेशान होते हैं। हमने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगे। ये भाजपा वाले डराने-धमकाने के अलावा कुछ नहीं करते। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अफवाह फैलाई है कि अगर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस सत्ता में आते हैं, तो यहां आतंकवाद वापस आ जाएगा। मैं इन लोगों को याद दिलाना चाहता हूं कि जब मैं सत्ता में था, तो हमने यहां से आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर में मतदान तीन चरणों में होंगे। पहले चरण के लिए मतदान 18 सितंबर, दूसरे चरण के लिए 25 सितंबर और अंतिम चरण के लिए 1 अक्टूबर को होगा। चुनाव परिणाम 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

### भाजपा और आरएसएस के लोग दक्षिण भारत के खिलाफ बोलते हैं अपशब्द : पवन खेड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल गांधी इन दिनों तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका में हैं। अमेरिका में उन्होंने भाजपा, आरएसएस, देश में रोजगार और चुनावों सहित कई मुद्दों पर अपना पक्ष रखा। अमेरिका में राहुल के बोलने से देश में राजनीतिक माहौल काफी गरम हो गया है। भाजपा उनके साथ-साथ कांग्रेस पार्टी पर भी हमलावर है। इसी पर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने उनके बयानों का समर्थन किया है। उन्होंने राहुल गांधी के आरएसएस कुछ राज्यों से नफरत करती है, वाले बयान पर आईएएनएस से कहा, आप सोशल मीडिया उठा कर देख लीजिए, कैसे आरएसएस के लोग और उनसे प्रभावित लोग दक्षिण भारत के पीछे पड़े रहते हैं। ऐसे किसी भी राज्य में जहां भाजपा को चुनावी लाभ नहीं मिलता, तो वे उसके पीछे पड़ जाते हैं। अयोध्या में जब भाजपा हार गई, तो सोशल मीडिया पर आपने देखा कि क्या माहौल था। अयोध्यावासियों के साथ क्या किया जा रहा था। राहुल जी बिल्कुल ठीक कह रहे हैं। इसके बाद खेड़ा ने राहुल गांधी के सिख धर्म पर दिए बयान का समर्थन करते हुए कहा, जो हिजाब के खिलाफ आंदोलन करते हैं, जो हिजाब को बैन करने की कोशिश करते हैं, वे कब पगड़ी की तरफ नजर फेर देंगे, मालूम पड़ेगा क्या? चर्चाएं होती रहनी चाहिए। देश में नए-नए विचारों पर चर्चा जरूर होनी चाहिए।

### सैम पित्रोदा को भारत के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए : गौरव वल्लभ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता गौरव वल्लभ ने मंगलवार को कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप मेहरबानी करके भारत में हो रहे विकास पर नजर मत लगाइए। मौजूदा समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में चौतरफा विकास हो रहा है। सैम पित्रोदा को भारत से कोई लेना देना नहीं है। उन्हें अमेरिका में रहकर आराम करना चाहिए और भारत के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। दरअसल, सैम पित्रोदा ने अपने बयान में कहा था कि ईवीएम के बारे में मुझे बहुत कुछ पता है। बीते लोकसभा चुनाव में भारत के लोगों ने यह सुनिश्चित किया था कि बीजेपी को 400 से ज्यादा सीटें नहीं मिले। यह देखकर मुझे बहुत सुकून मिलता है। सैम पित्रोदा के इसी बयान पर गौरव वल्लभ ने पलटवार किया। गौरव वल्लभ ने कहा, सैम पित्रोदा द्वारा दिया गया यह बयान क्या राहुल गांधी को पता है पित्रोदा कह रहे हैं कि चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए हैं, इसका मतलब कांग्रेस को 99 सीटें गलत आ गई, महज 9 ही सीटें आनी चाहिए थीं। आखिर सैम पित्रोदा आपने ईवीएम को लेकर अपने विचार राहुल गांधी को बता दिए। आप एक काम कीजिए, जो जानकारी आपको चुनाव को लेकर पता है, पहले आप उसे राहुल गांधी को बता दीजिए, उन्होंने कहा, सैम पित्रोदा आपके लिए मुनासिब रहेगा।

# राहुल गांधी ने अमेरिका में परोसा झूठ, वह देश विरोधी होने का दे रहे परिचय : मनोज तिवारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से दिये गए बयान के बाद भाजपा हमलावर है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि राहुल गांधी एक बहुत बड़े नुकीले फावड़े से भारत माता की छाती पर वार कर रहे हैं। भगवान न करें, ऐसा नेता किसी देश को मिले। वह देश के बाहर जाकर जाकर और भारत की जितनी बदनामी और बुराई कर सकते हैं, कर रहे हैं। इस यात्रा में जो उन्होंने भारत के प्रति जो झूठ परोसा है, वह सौ फीसद गलत है। मनोज तिवारी ने कहा, भारत से ज्यादा भयमुक्त वातावरण शायद ही आपको कहीं मिले। आप अगल बगल भी देख लें। पाकिस्तान और बांग्लादेश हमारे सामने मिसाल हैं। दुनिया में रूस और यूक्रेन को देख लें, श्रीलंका को देख लें। सबसे सुरक्षित वातावरण भारत में है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब लोकसभा चुनाव में 99 सीटों पर जीत दर्ज किये थे, तब वह फूले नहीं समा रहे थे। अब अमेरिका में जाकर वो न जानें किस भय की बात कर रहे हैं। कभी-कभी ऐसा होता है कि राज परिवार में पैदा हुआ व्यक्ति सत्ता से अलग होता है, तो वह छटपटाने लगता है। ऐसा ही कुछ राहुल गांधी के साथ है। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी अमेरिका में जाकर आरक्षण हटाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने आरक्षण समाप्त करने की बात कही है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को जीते जी बार बार हराने वाली पार्टी के वर्तमान नेता राहुल गांधी का यह नया स्वरूप है। वो केवल झूठ परोस रहे हैं कि सिखों को पर यहां बहुत सारी पाबंदियां हैं। मैं समझता हूं राहुल गांधी अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं और देश विरोधी होने का परिचय दे रहे हैं। मनोज तविारी ने कहा, राहुल गांधी भारत माता की छाती पर कुठाराघात कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कामों को देश का बच्चा-बच्चा जानता है। देश की सुरक्षा और उसके संवर्धन के लिए संघ के कार्यकर्ता सक्रिय हैं। वायनाड में जो आपदा आई थी, उस दौरान संघ के कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर राहत व बचाव का कार्य किया। दरअसल अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरक्षण को लेकर बड़ा बयान दिया। जब उनसे पूछा गया था कि देश में जाति के आधार पर आरक्षण कब तक जारी रहेगा इस पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब देश में निष्पक्षता होगी, फिलहाल देश में ऐसी स्थिति नहीं है।

## हरियाणा में चार कांग्रेस पार्टी लड़ रही चुनाव : ज्ञान चंद गुप्ता



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंचकूला से भाजपा प्रत्याशी ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा में चार कांग्रेस पार्टियां चुनाव लड़ रही हैं। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं दिग्गज भाजपा नेता ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के आगे की रणनीति के बारे में बताते हुए प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा प्रत्याशी ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे सेक्टर 10-11 तवा चौंक से मेजर शहीद संदीप सांखला चौक तक पैदल यात्रा किया जाएगा और नामांकन दाखिल किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और हरियाणा चुनाव के सह प्रभारी विप्लव देव मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा के अंदर माहौल बदला है और भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा ने 88 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है, जो बाकी हैं उनके नाम की भी घोषणा जल्द हो जाएगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के तमाम प्रयास के बाद भी आम आदमी पार्टी के साथ कोई समझौता नहीं हुआ है। आप ने अपने उम्मीदवार उतार दिए, लेकिन कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में चार कांग्रेस पार्टियां मैदान में हैं। पहला भूपेंद्र हुड्डा की कांग्रेस, दूसरा कुमारी शैलजा की कांग्रेस, तीसरा रणदीप सुरजेवाला की कांग्रेस और चौथा कैप्टन अजय सिंह यादव की कांग्रेस पार्टी। बता दें कि चुनावी राज्य हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने 88 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को पंचकूला से प्रत्याशी बनाया गया है। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होना है और नतीजे आठ अक्टूबर को सामने आएंगे।

## अनुच्छेद 370 हटने के बाद भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में सभी के समान अधिकार सुनिश्चित किए : कविंदर गुप्ता



**जम्मू, एजेंसी।** भाजपा प्रवक्ता एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेछ 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने सभी के समान अधिकार सुनिश्चित किए हैं। चुनावी राज्य जम्मू-कश्मीर को लेकर कविंदर गुप्ता ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित किए हैं, चाहे वह वाल्मीकि समुदाय हो या महिलाओं के अधिकार। भाजपा ने सभी का ध्यान रखा है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, पहले उमर अब्दुल्ला की बहन को भी राज्य से बाहर शादी करने के बाद ऐसे अधिकार नहीं थे। अब अनुच्छेद 370 हटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को ये सारे अधिकार देने का काम किया है।

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को लेकर भाजपा नेता ने कहा, महबूबा मुफ्ती इंजीनियर रशीद की विचारधारा और उनके द्वारा अपनाए गए रास्ते को जानती हैं। पिछली सरकार के कार्यकाल में हाथापाई हुई थी, और थप्पड़ भी मारे गए थे। वे इसे भाजपा से जोड़ने की कोशिश कर रही हैं। हाल ही में महबूबा मुफ्ती को चुनावों में हार का सामना करना पड़ा। स्वाभाविक रूप से, इसके लिए भाजपा को दोषी ठहराने की कोशिश की जाएगी।

पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री एवं दिग्गज कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे की किताब में जम्मू-कश्मीर के हालात के बारे में दी जानकारी पर भाजपा नेता ने कहा, सुशील कुमार शिंदे ने अपनी किताब में लिखा है कि कश्मीर के हालात बदल गए हैं। आज पाकिस्तान भी कश्मीर की तारीफ करता है और आंकड़े भी हैं। करीब 25 मिलियन पर्यटक कश्मीर आ चुके हैं और पत्थरबाजी अब नहीं दिखती। हाल ही में विपक्षी नेता गुलमर्ग में अपनी बहन के साथ बर्फ में खेलते नजर आए और लाल चौक सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली।

## राहुल गांधी को चीन जाकर राजनीति करनी चाहिए : आचार्य प्रमोद कृष्णाम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इन दिनों तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर हैं। अमेरिका के डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में उन्होंने देश में बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए चीन और अन्य कई देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया है। राहुल गांधी के अमेरिका में दिए इस बयान पर भाजपा नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि वह चीन के साथ हैं या भारत के। अगर उन्हें चीन की नीतियां अच्छी लगती हैं, तो उनको चीन जाकर राजनीति करनी चाहिए। मैं राहुल गांधी के ऐसे बयानों से बहुत हैरान हूं। वह कहते हैं, असदुद्दीन ओवैसी भी देश के बाहर जाकर देश के खिलाफ नहीं बोलते हैं। ओवैसी देश के बाहर देश के साथ खड़े रहते हैं। वह कभी बाहर देश का विरोध नहीं करते। लेकिन राहुल गांधी ऐसे व्यक्ति हैं, जो देश के बाहर जाकर देश के खिलाफ बोलते हैं। पश्चिमी देशों का उत्पादन केंद्र चीन में बन जाने को लेकर दिए राहुल गांधी के बयान पर उन्होंने कहा कि 2004 से लेकर 2014 तक 10 साल राहुल गांधी की सरकार रही। इसके अलावा इस देश पर लगभग 60 साल कांग्रेस की हुकूमत रही है।

# बिहार की अलंकृता साक्षी ने गूगल में 60 लाख रुपये का पैकेज किया हासिल

**बेंगलुरु , एजेंसी।** दुनिया की प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनी गूगल ने भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल कार्यालय के प्रधान लिपिक राजीव नयन चौधरी की बहू अलंकृता साक्षी को सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में नियुक्त किया है। अलंकृता साक्षी बिहार के भागलपुर जिले के सिमरा गांव की निवासी हैं और वर्तमान में झारखंड के कोडरमा में अपने परिवार के साथ रह रही हैं।

**प्रारंभिक शिक्षा झारखंड से हुई :** अलंकृता साक्षी की प्रारंभिक शिक्षा झारखंड के कोडरमा से हुई। उन्होंने कोडरमा से 10वीं की पढ़ाई पूरी की और जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा से 12वीं की परीक्षा पास की। इसके बाद, उन्होंने हजारीबाग से बीटेक की पढ़ाई की। अलंकृता के पिता कोडरमा में एक प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि उनकी मां रेखा मिश्रा एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। उनके परिवार में एक भाई और दो बहनें भी हैं।

**कैरियर की शुरुआत...** गूगल में शामिल होने से पहले, अलंकृता ने बेंगलुरु में विप्रो कंपनी में दो साल काम किया। इसके बाद, उन्होंने अर्न्स्ट एंड यंग और सैमसंग हार्मन में भी एक-एक साल का अनुभव प्राप्त किया। उनके इन अनुभवों के आधार पर उनका चयन गूगल में हुआ है।



**सॉफ्टवेयर कंपनी में करते हैं काम :** अलंकृता की शादी 8 दिसंबर 2023 को मनीष कुमार से हुई थी। मनीष भी बेंगलुरु में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते हैं। अलंकृता साक्षी के ससुर राजीव नयन चौधरी भागलपुर जिले के शौल थाना क्षेत्र के पोठिया गांव के निवासी हैं और नवगछिया अनुमंडल कार्यालय में प्रधान लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। परिवार की खुशी और प्रेरणा गूगल में चयन की खबर से अलंकृता और उनके परिवार में खुशी की लहर है। परिवार के सदस्य इस उपलब्धि को अत्यंत गर्व और खुशी का विषय मानते हैं।

उनका कहना है कि यह अलंकृता के लिए ही नहीं, बल्कि सभी लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत है जो आत्मनिर्भर बनकर समाज और देश का नाम रोशन करना चाहती हैं। इस सफलतापूर्वक यात्रा और उपलब्धियों ने अलंकृता को एक नायाब उदाहरण बना दिया है कि कैसे मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष को हासिल किया जा सकता है।

# हमारे विकास कार्यों को देखकर अन्य पार्टियां घबराई : महबूबा मुफ्ती

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां प्रचार में जुटी हैं। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को प्रचार करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने कहा, पीडीपी का जम्मू-कश्मीर में सड़कें, विश्वविद्यालय और कॉलेज तथा एम्स बनाने व रोजगार सृजन में रिकॉर्ड रहा है। इसलिए अन्य पार्टियां घबरा गई हैं और जनता के पास जा रही हैं। उनके पास जनता से माफी मांगने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। युवा वर्षों से जेलों में हैं और उनके माता-पिता को उनसे मिलने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग जेल से चुनाव लड़ते हैं और उन्हें सुरक्षा दी जाती है। जब वे हमारे उम्मीदवारों पर हमला करते हैं, तो पुलिस उन पर कार्रवाई नहीं करती, लेकिन चुनाव आयोग हमारे उम्मीदवारों को नोटिस भेजता है, तो आपको समझना चाहिए कि जेल से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का क्या मतलब है। वहीं पिछले दिनों अनंतनाग में एक रैली के दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा था, मुफ्ती मोहम्मद सईद के विजन को जनता समझ चुकी है। पीडीपी की कार्यशैली से लोग वाकिफ हैं, हम जिस तेजी में काम करते हैं, वैसा काम नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने 40 साल के कार्यकाल के दौरान भी नहीं किया है। महबूबा मुफ्ती ने दावा करते हुए कहा था, जम्मू-कश्मीर में आज वोट की जो इज्जत है, वो पीडीपी की वजह से है। मुफ्ती मोहम्मद सईद ने अगर पार्टी का गठन नहीं किया होता, तो आज भी नेशनल कॉन्फ्रेंस, यहां तानाशाही के माहौल में काम कर रही होती। प्रदेश की जनता अब नेशनल कॉन्फ्रेंस से निराश और परेशान हो चुकी है। उन्होंने भाजपा का जिक्र करते हुए कहा था, पांच साल पहले भाजपा ने जो किया, उसे लेकर लोगों में गुस्सा है। इसके कारण लोग उसकी नीतियों से नाराज हैं। इसलिए यहां की जनता वोट के माध्यम से अपना जवाब देगी। महबूबा मुफ्ती ने कहा, जिस समय जम्मू-कश्मीर में भाजपा के साथ हमारी सरकार बनी थी, उनके लोग ही हमारे दरवाजे पर आए थे। इस दौरान हमारी ओर से किसी भी बड़े लीडर ने दिल्ली जाकर अमित शाह और दूसरे भाजपा नेताओं से मुलाकात नहीं की।



## विनेश फोगाट ने जल्दबाजी में फैसला लिया, हरियाणा में फिर बनेगी भाजपा सरकार : बबीता फोगाट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पहलवान विनेश फोगाट के कांग्रेस में शामिल होने पर मंगलवार को बबीता फोगाट की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। बबीता फोगाट ने कहा कि यह विनेश का अपना निर्णय है, विनेश कुछ भी करें। सबकी अपनी-अपनी सोच है, हर किसी की अपनी विचारधारा है। राजनीति का मैदान हर किसी के लिए खुला हुआ है, कोई भी राजनीति कर सकता है।

बबीता फोगाट के पिता महावीर फोगाट ने कहा था कि विनेश को 2028 ओलंपिक में हिस्सा लेना चाहिए। इस पर बबीता फोगाट ने कहा, पापा विनेश के गुरु हैं। विनेश को अपने गुरु की बात माननी चाहिए थी। गुरु सही राह दिखाता है और अच्छी शिक्षा भी देता है। गुरु तो हमेशा चाहेगा कि उसका बच्चा अपने लक्ष्य तक जाए। कोई भी गुरु अपने बच्चे को मार्ग से भटकता हुआ नहीं देख सकता। अगर कोई बच्चा मार्ग से भटकता है तो उसको सही राह दिखाना गुरु का फर्ज है। उन्होंने आगे कहा कि विनेश फोगाट ने जल्दबाजी में फैसला लिया। उनके 2028 के ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के अच्छे चांस थे। इस बार के विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर बबीता फोगाट ने कहा, टिकट नहीं मिलने की कोई टीस नहीं है। मैं भाजपा के कमल के फूल के लिए काम करती हूं। मैं मानती हूं की कमल का फूल जिसको भी मिल जाए, हम उनके साथ लगकर काम करेंगे, मेहनत करेंगे और कमल के फूल को खिलाएंगे। मैं आज के जोश को देखकर कह सकती हूं कि हम चरखी दादरी विधानसभा सीट जीतने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बहुत सोच समझकर चरखी दादरी से सुनील सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। मैं पार्टी के इस फैसले के साथ खड़ी हूं। भाजपा प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे बहुमत के साथ हरियाणा में फिर से सरकार बनेगी। भूपेंद्र हुड्डा पर बात करते हुए उन्होंने कहा, वह फोगाट परिवार में फूट डालने में कामयाब रहे। जनता उनको सबक सिखाएगी, वह सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस की नीति फूट डालो, राज करो की है। कांग्रेस के नेता हमेशा से ऐसा करते आए हैं। कांग्रेस ने देश तोड़ने से लेकर परिवार तोड़ने का काम किया है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवार और देश को जोड़ने का काम करते हैं।



# आठ दिनों में दो करोड़ लोग बन चुके हैं भाजपा के सदस्य : विनोद तावड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े ने दावा किया है कि पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत आठ दिनों में दो करोड़ लोग भाजपा की सदस्यता ले चुके हैं। तावड़े ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष की मौजूदगी में नौ राज्यों के पदाधिकारियों एवं सदस्यता अभियान से जुड़ी टोली के साथ सदस्यता अभियान को लेकर हुई समीक्षा बैठक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक सदस्यता अभियान बहुत अच्छी तरह से चला है, उसे आगे और किस तरह से बढ़ाया जाए, इसे लेकर प्रथम चरण में नौ राज्यों, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग चर्चा हुई। आने वाले दिनों में अन्य राज्यों के साथ भी इसी तरह की बैठक की जाएगी। विनोद तावड़े ने सदस्यता अभियान के टारगेट के बारे में बताते हुए कहा कि चुनाव में जितने वोट पार्टी को मिले हैं, उसके 75 से 80 प्रतिशत तक लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सांसद से लेकर सरपंच तक, भाजपा के हर जनप्रतिनिधि को जो टारगेट दिया गया है, रोजाना उनका टारगेट क्या है और वह कितने लोगों तक पहुंचे हैं, उसकी जानकारी रखनी है। हमें समाज के सभी वर्गों तक जाना है। चुनाव में जहां हम, वोट की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन वहां हमें वोट नहीं मिले, वहां भी जाना, उस समाज के लोगों तक भी पहुंचना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं, सीमावर्ती गांवों, दूर-दराज और पहाड़ी क्षेत्रों को लेकर जो आग्रह किया था, उसके नियोजन के लिए प्रदेशों ने क्या किया है, उस पर भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि यह 40 दिन का अभियान चलना है, अभी तो सिर्फ आठ दिन हुए हैं और भाजपा दो करोड़ सदस्य के आंकड़े पर पहुंच गई है। बचे हुए दिनों में इसे और तेजी से कैसे चलाया जाए, प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशों को कैसे पूरा किया जाए, इस पर भी बैठक में चर्चा हुई। भाजपा देश भर में बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय सदस्यता अभियान चला रही है। पार्टी ने इस राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024 का नाम दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अभियान का शुभारंभ दो सितंबर को नई दिल्ली से किया था।



## तेजस्वी यादव परिवार के साथ जाएंगे दुबई, अदालत ने दी इजाजत

**पटना, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को राउज एवेन्यू कोर्ट ने दुबई जाने की इजाजत दे दी है तेजस्वी 18 सितंबर से 8 अक्टूबर तक अपने परिवार के साथ दुबई जा रहे हैं। 25 लाख रुपए की फिक्स डिपॉजिट रिसीप्ट जमा करने के निर्देश बता दें कि तेजस्वी यादव ने परिवार वालों के साथ छुट्टियां बिताने के लिए दुबई जाने की इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने उन्हें 25 लाख रुपये काफिक्स डिपॉजिट रिसीप्ट जमा कराने को कहा है। यात्रा से वापस आने के दो दिन के अंदर कोर्ट को सूचित कर पासपोर्ट सरेंडर करेंगे। राउज एवेन्यू कोर्ट ने तेजस्वी यादव को दुबई में रहने के दौरान ठहरने की जगहों की जानकारी, दुबई में रहने के दौरान इस्तेमाल होने वाले फोन नंबर की जानकारी देने को कहा है। तेजस्वी ने सरेंडर कर दिया था अपना पासपोर्ट गौरतलब है कि जमीन के बदले नौकरी मामले में आरोपी होने के चलते जमानत की शर्तों के मुताबिक अपना पासपोर्ट सरेंडर कर दिया था। जिस कारण तेजस्वी यादव को विदेश जाने के लिए कोर्ट की इजाजत लेनी होती है।

डायमंड लीगः

# नीरज चोपड़ा डायमंड लीग में करेंगे धमाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ब्रुसेल्स डायमंड लीग के फाइनल में दो भारतीय हिस्सा लेंगे. इनमें एक नीरज चोपड़ा हैं तो दूसरे अविनाश साबले हैं. 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले बुसेल्स में होने वाली डायमंड लीग के फाइनल में चुनौती पेश करेंगे. वह स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा के साथ इस इवमेंट में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय है.

29 साल के साबले ने 12 खिलाड़ियों के डायमंड लीग फाइनल में पहली बार जगह बनाई है. उनका इवेंट शुक्रवार को होगा जहां सभी 12 प्रतिभागी सीधे फाइनल रेस में भाग लेंगे. साबले ने इस सीजन में डायमंड लीग के दो आयोजनों में हिस्सा लिया है और वह तीन अंक के साथ तालिका में 14वें स्थान पर थे. उनसे ऊंची रैंकिंग वाले चार खिलाड़ियों के प्रतियोगिता से हटने के बाद उन्होंने फाइनल में जगह बनाई.

दो दिवसीय डायमंड लीग फाइनल का आयोजन 13 और 14 सितंबर को होगा. पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज 13 सितंबर को होगी, वहीं जबकि पुरुषों का भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) इवेंट 14 सितंबर को होगा. साबले ने सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस हीट में 8ः09.91 मिनट के समय के साथ अपने ही राष्टीय रिकॉर्ड में सुधार के साथ छठा स्थान हासिल किया था. वह 25 अगस्त को सिलेसिया लेग में 14वें स्थान (8ः29.96 मिनट) पर थे. साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में ओलंपिक फाइनल में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय बने लेकिन वह अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर सके. पेरिस ओलंपिक में वह 8ः14.18 मिनट के समय के साथ11वें स्थान पर रहे थे.

वहीं दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट चोपड़ा ने चौथे स्थान पर रहने के बाद डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया. चोपड़ा ने दोहा और लुसाने में आयोजित लेग प्रत्येक में दूसरे स्थान पर रहने से 14 अंक अर्जित किए. प्रत्येक डायमंड लीग सत्र के फाइनल के चैंपियन को प्रतिष्ठित 'डायमंड ट्रॉफी', 30,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक वाइल्ड कार्ड से सम्मानित किया जाता है. उपविजेता को 12,000 डॉलर मिलेंगे और इसी तरह आठवें स्थान पर रहने वाले को 1000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे.

### नीरज ने कुल 2 लेग खेले

लुसाने डायमंड लीग के बाद फाइनल के लिए आखिरी लेग मुकाबला 5 सितंबर को ज्यूरिख में हुआ, जिसमें 26 वर्षीय नीरज नहीं खेले. यानी एक तरह से बिना खेले ही नीरज फाइनल में पहुंच गए. नीरज कुल 2 लेग में खेले.

पुरुषों के जैवलिन थ्रो इवेंट के लिए डायमंड लीग में 4 अलग-अलग मीट (लेग मैच) हैं. यह चारों दोहा, पेरिस, लुसाने और ज्यूरिख हैं. इन चारों इवेंट्स के बाद टेबल के लिहाज से टॉप-6 प्लेयर्स को फाइनल में जगह मिलती है.

जहां डायमंड लीग में चैम्पियन के लिए निर्णायक मुकाबला होना है. ध्यान देने वाली बात यह है कि डायमंड लीग में कोई मेडल नहीं मिलता है.हर एक लेग मुकाबले में टॉप पर रहने वाले एथलीट को 8 प्वाइंट्स मिलते हैं.



# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अश्विन पूरा करेंगे दोहर शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी और दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 19 सितंबर से शुरू होने वाली भारत-बांग्लादेश की 2 मैच की टेस्ट सीरीज में एक्शन में नजर आएंगे। एशियाई पिचों पर अश्विन का कद और भी ज्यादा ऊंचा हो जाता है।

अश्विन की जादुई गेंदबाजी के सामने बड़े से बड़ा बल्लेबाज ढेर हो जाता है। बता दें कि अश्विन टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। वह सिर्फ महान अनिल कुंबले (619 विकेट) से ही इस लिस्ट में पीछे हैं। हालांकि अब बहुत जल्द अश्विन एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं।

### रविचंद्रन अश्विन बनाएंगे यह महारिकॉर्ड

दरअसल, रविचंद्रन अश्विन ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक 34 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 174 विकेट झटके हैं। वह डब्ल्यूटीसी में 200 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बनने से सिर्फ 26 विकेट दूर हैं। वह यह कारनामा जल्द ही कर सकते हैं। भारत को बांग्लादेश के खिलाफ 2 और इसके बाद अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। वहीं 22 नवंबर से फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैच की रोमांचक टेस्ट सीरीज का भी आगाज हो जाएगा। इन आगामी 10 टेस्ट मैच में अश्विन यह खास दोहरा शतक लगा सकते हैं।

### रविचंद्रन अश्विन का करियर

37 साल के रविचंद्रन अश्विन ने अब तक भारत के लिए 100 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 मुकाबले खेले हैं। टेस्ट में अश्विन ने 516 विकेट लेने के साथ-साथ 3309 रन भी बनाए हैं। उनके नाम 5 शतक और 14 अर्धशतक भी हैं। वनडे में अश्विन ने 156 विकेट और 707 रन को टी20 में 72 विकेट और 184 रन बनाए हैं। अश्विन को आईपीएल का भी अच्छा अनुभव है। उन्होंने 2009 से अब तक आईपीएल में खेले 212 मुकाबलों में 180 विकेट लिए हैं और 800 रन भी बनाए हैं।

# फेजर-मैकगर्क पर खुद को साबित करने का कोई दबाव नहीं : मार्श



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा कि युवा जेक फेजर-मैकगर्क को साउथम्प्टन में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली टी20 सीरीज से पहले यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए पर्याप्त अच्छे हैं।

फेजर-मैकगर्क को डेविड वॉर्नर के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने इस साल आईपीएल के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के लिए 234.04 की स्ट्राइक रेट के साथ 330 रन बनाए थे। जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप के सुपर-8 में ऑस्ट्रेलिया का सफर समाप्त होने के बाद वॉर्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

दाएं हाथ के युवा बल्लेबाज फेजर-मैकगर्क ने अपने टी20 करियर की शुरुआत में सिर्फ 16 रन बनाए, जिसमें पिछले हफ्ते स्कॉटलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 3-0 की जीत में उनके दो शून्य शामिल हैं। मार्श के हवाले से कहा, हम जानते हैं कि वह एक बेहतरीन बल्लेबाज है और उसका भविष्य उज्ज्वल है। मुझे टीम में उसकी भूमिका पसंद है।

मैदान के अंदर और बाहर, वह एक शानदार युवा खिलाड़ी है और इस माहौल में रहकर वह बहुत कुछ सीखेगा। हमारी ओर से उस पर कोई दबाव नहीं है। उसे किसी को यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि वह इस स्तर पर काफी अच्छा है। उसे यहां किसी कारण से चुना गया है, और लोगों पर दबाव डाले बिना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काफी कठिन है। इसलिए हम चाहते हैं कि वह इसका आनंद ले, जितना हो सके उतना सीखे और हर अवसर का पूरा लाभ उठाए।

एशियन चैम्पियंस ट्राफी हॉकीः

# भारत ने मलयेशिया को 8-1 से रौंदा, लगाई जीत की हैट्रिक, सेमीफाइनल में बनाई जगह



**बीजिंग, एजेंसी।** छह टीम का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जा रहा है और शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी, जबकि 17 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। गत चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में मलयेशिया को 8-1 से रौंद दिया।

इस मैच को जीतने के साथ ही भारत ने जीत की हैट्रिक लगा दी है। भारत ने बुधवार को लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। भारत के लिए पांच अलग-अलग खिलाड़ियों ने आठ गोल दागे। इनमें राज कुमार पाल के तीन गोल, अरिजीत सिंह हुंडल के दो गोल, जुगराज सिंह, कप्तान हरमनप्रीत सिंह और उत्तम सिंह का एक-एक गोल शामिल है। मलयेशिया के लिए अखिमुल्लाह अनुवर ने 34वें मिनट में एक गोल किया। भारत अभी तीन जीत से नौ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। छह टीम का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जा रहा है और शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी, जबकि 17 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा।

भारतीय टीम के फॉरवर्ड ने शानदार प्रदर्शन किया। राज कुमार पाल ने तीसरे, 25वें और 33वें मिनट में तीन गोल दागे, जबकि अरिजीत सिंह हुंडल ने छठे और 39वें मिनट में दो गोल किए। जुगराज सिंह ने सातवें, हरमनप्रीत सिंह ने 22वें और उत्तम सिंह ने 40वें मिनट में एक एक गोल दागे। भारत फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है। तीन जीत के बाद उसके नौ अंक हैं। वहीं, पाकिस्तान पांच अंक लेकर दूसरे और चीन तीन अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। दक्षिण कोरिया दो अंक लेकर दूसरे, जापान एक लेकर पांचवें और मलयेशिया एक अंक लेकर छठे स्थान पर है। भारत ने इससे पहले चीन और जापान को हराया है।



# दलीप ट्रॉफी में नहीं चुने गए भारतीय स्पिनर का इंग्लैंड में दिखा जलवा

### तीसरी बार 5 विकेट झटक शतककिया पूरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में खेले जा रहे घरेलू टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी में नहीं चुने जाने के बाद इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट में लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का जलवा देखने को मिला है। नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेलने वाले भारतीय लेग स्पिनर ने 5 विकेट लेकर डर्बीशायर के बैटिंग लाइन-अप की कमर तोड़ दी।

लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में 152 अंतरराष्टीय मैचों के अनुभव वाले चहल ने 45 रन देकर पांच विकेट लिए। यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का तीसरा पांच विकेट हॉल था। उनकी शानदार गेंदबाजी के बदौलत डर्बीशायर ने अपने आखिरी छह विकेट 10.2 ओवर में सिर्फ 15 रन पर गंवा दिए।

युजवेंद्र चहल ने इस मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल की। उनके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 100 विकेट पूरे हो गए। 34 वर्षीय स्पिनर ने पहली पारी में 16.3 ओवर में 45 रन देकर 5 विकेट लिए और अपनी टीम को 54 रन की बढ़त दिलाने में मदद की।

उनकी ही टीम से भारत के ओपनर पृथ्वी शॉ भी खेल रहे हैं। पृथ्वी का बल्ला पहली पारी में नहीं चला था। दूसरी पारी में भी वह कुछ खास नहीं कर पाए।

# शाहरुख खान ब्रिगेड ने प्रीति जिंटा की टीम को हराया

सीपीएल 2024:



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के 12वें मैच में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने सेंट लूसिया किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया। दोनों टीमों का इंडियन प्रीमियर लीग से नाता है। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स, कोलकाता नाइट राइडर्स की फेंचाइजी है। इसके मालिकों में बॉलिवुड स्टार शाहरुख खान शामिल हैं। सेंट लूसिया किंग्स, पंजाब किंग्स की फेंचाइजी है। इसके मालिकों में प्रीति जिंटा शामिल हैं।

यह मैच सेंट लूसिया के डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मैदान पर सेंट लूसिया किंग्स को ट्रिनबागो नाइट राइडर्स से कभी जीत नहीं मिली है। इस मैच में लग रहा था कि सेंट लूसिया किंग्स को जीत मिलेगी। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को 2 ओवर में 28 रन चाहिए थे और मुंबई इंडियंस के बैटिंग कीरोन पोलार्ड ने 19 वें में 4 छक्के जड़ दिए। इससे शाहरुख खान की टीम जीत गई।

कीरोन पोलार्ड ने तूफानी पारी खेली। उन्होंने 19 गेंद पर 7 छक्के की मदद से 52 रन बनाए। उनके अलावा शकेरे पैरिस ने 33 गेंद पर 57 रन बनाए। सुनील नरेन 14, जेसन रॉय 16, निकोलस पूरन 17 और कैसी कार्टी 15 रन बनाकर आउट हुए। अकिल होसेन ने विजयी चौका लगाया। वह 5 रन बनाकर नाबाद रहे। सेंट लूसिया किंग्स के लिए मैथ्यू फोर्ड और नूर अहमद ने 2-2 विकेट लिए खरी कैम्पबेल और सैड्रैक डेसकार्टेस ने 1-1 विकेट लिए।

**सेंट लूसिया किंग्स की बल्लेबाजी:** सेंट लूसिया किंग्स के लिए रस्टन चेज ने नाबाद 56 रन बनाए। कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने 34 और भनुका राजपक्षे ने 33 रन बनाए। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सुनील नरेन ने और वकार सलामखेल ने 2-2 विकेट लिए। टेरेंस हिंड्स और कीरोन पोलार्ड ने 1-1 विकेट झटके।

# कलेक्टर ने उद्योगपतियों के साथ की चर्चा, निवेश के अवसरों के बारे में दी जानकारी



**पन्ना।** सागर संभाग में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से आगामी 27 सितम्बर को सागर के पीटीसी ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रीजनल इंडस्ट्रियल कान्क्लेव आयोजित की जाएगी। इसमें पन्ना जिले के उद्योगपति भी शामिल होंगे।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने कान्क्लेव में सहभागिता और जिले में लघु उद्योग सहित अन्य बड़े उद्यमों की स्थापना के लिए निवेश के दृष्टिगत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उद्योगपतियों, स्टार्टअप उद्यमी सहित उद्योग संघ के प्रतिनिधियों और इच्छुक निवेशकों के साथ बैठक की। इस मौके पर शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं और विभिन्न अवसरों के बारे में अवगत कराया गया। बताया गया कि मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम द्वारा उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर के बाद अब सागर में रीजनल इंडस्ट्रियल कान्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। जिले में निवेश के इच्छुकजन अपना आवेदन अथवा निवेश प्रस्ताव औद्योगिक विकास निगम अथवा जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन पोर्टल इंवेस्ट डॉट एमपी डॉट जीओव्ही डॉट इन पर भी निवेश के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की जा सकती है। बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा सागर में आयोजित कान्क्लेव में अधिकाधिक उद्योगपतियों से शामिल होने तथा एक जिला एक उत्पाद सहित विभिन्न उद्योगों को बढ़ावा देने व उनके उत्थान के लिए महत्वपूर्ण प्रयासों की अपेक्षा की गई। कान्क्लेव में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एक जिला एक उत्पाद के तहत प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही जे.के. सेम और अन्य उद्योग व संस्था द्वारा भी प्रदर्शनी के लिए सहमति प्रदान की गई है।

कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा सभी उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल निर्मित किया जा रहा है। कान्क्लेव में निवेशकों की सहभागिता जरूरी है। पन्ना सहित सागर संभाग में औद्योगिक विकास के लिए सभी आवश्यक परिस्थितियां मौजूद हैं। औद्योगिक विकास से आर्थिक विकास में भी गति परिलक्षित होगी। उन्होंने कहा कि जिले में उद्योग क्षेत्र में व्यापक रूप से अवसर सृजित करने के उद्देश्य से सागर में आयोजित कान्क्लेव बेहतर माध्यम है। यहां निवेश के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन का अवसर भी मिलेगा। कान्क्लेव में बायर-सेलर मीट का आयोजन भी होगा। कलेक्टर ने कहा कि पन्ना जिले में राइस मिल एवं हीरा उत्खनन उद्योग व्यापक रूप में संचालित है। इसके अलावा वन बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां हर्बल मेडिसिन उद्योग की भी अपार संभावना है। जिले में उद्योग स्थापना के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने सहित प्राथमिकता के साथ त्वरित रूप से समस्या निराकरण का आश्वासन भी दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले के औद्योगिक क्षेत्र रैपुरा में लघु उद्योग के लिए निवेश के इच्छुकजनों को नियमानुसार मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएंगी एवं किसी अतिरिक्त एनओसी की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही यहां छोटे उद्यम के लिए निवेशकों को किश्त में प्लाट प्राप्त करने के लिए सुविधा मिलेगी। इसके अलावा इंसेंटिव व अन्य सुविधाओ का लाभ भी मिलेगा। बड़ागांव औद्योगिक क्षेत्र में भी उद्यम स्थापना के दृष्टिगत लेआउट तैयार कराने संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया। जिले में बड़े उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को अन्य उपयुक्त स्थल प्रदान किया जा सकेगा।

कलेक्टर ने बैठक में भूमि आवंटन संबंधी सभी प्रकरणों को सूचीबद्ध कर समस्याएं हल कराने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। छतरपुर में 11 सितम्बर को संभाग स्तरीय बैठक में शामिल होने का आग्रह भी किया गया। उपस्थितजनों द्वारा रीजनल इंडस्ट्रियल कान्क्लेव के संबंध में आवश्यकताओं, तैयारियों व कार्ययोजना के संबंध में विभिन्न तथ्यों पर गंभीरता से चर्चा कर आवश्यक सुझाव दिए गए। साथ ही जिले में औद्योगिक विकास के वातावरण को बनाने के लिए विभिन्न माध्यमों से मिशन मोड में कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया और कान्क्लेव को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई। उद्योगपतियों से अधिकाधिक संख्या में पंजीयन कराने के लिए कहा गया। औद्योगिक विकास निगम से उपस्थित महाप्रबंधक आशीष कुमार ने कान्क्लेव में सहभागिता, प्रदर्शनी और बायर सेलर मीट की निःशुल्क पंजीयन व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। साथ ही जिला स्तर पर फेसिलिटेशन सेन्टर की शुरूआत के बारे में अवगत कराया। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग राहुल दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ ने रैपुरा में दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



**पन्ना**

एनडीआरएफ वाराणसी की टीम द्वारा आज आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के निर्देशन तथा उप निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में शासकीय उ.मा. विद्यालय रैपुरा में स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन कर आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।

एनडीआरएफ के प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान भूकम्प व बाढ़ में बचाव के तरीके, बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों एवं सांप के काटने का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, सड़क सुरक्षा, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, जल संरक्षण तकनीकें, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, गरजना व बिजली चमकना, दामिनी एप, मौसम एप, भूकंप एप, सचेत एप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# कलेक्टर ने राशन दुकान, आंगनबाड़ी केन्द्र और जनसुनवाई कार्यक्रम का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज सकरिया, रानीगंज, रंजोरपुरा, बड़ागांव और जनवार ग्राम पंचायत पहुंचकर विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक गतिविधियों के क्रियान्वयन का जायजा लिया और औचक निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जनसमस्याओं व शिकायतों के निराकरण के संबंध में की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली। जिला कलेक्टर द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में संचालित जनसुनवाई कार्यक्रम की व्यवस्थाएं भी देखीं। साथ ही जनसुनवाई में आए ग्रामीणजनों से संवाद कर समस्याएं पूछी और कर्मचारियों को तत्परतापूर्वक समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र का भ्रमण भी किया।

## लेवलर की चपेट में आया श्रमिक, बाल-बाल बची जान

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गौशाला चौक में 9 सितम्बर को सुबह लगभग 11 बजे सडक़ निर्माण के दौरान तब एक बड़ी घटना टल गई, जब बीच रोड में बने गड्ढे पर काम कर रहे अमित सोनी नामक युवक को पीछे से आई लेवलर मशीन ने उसे चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि नीचे गड्ढा था और ट्रैक्टर की स्पीड भी कम थी, जिससे लेवलर की टक्कर ज्यादा जोर से नहीं लगी और समय रहते ड्राइवर के ब्रेक लगा देने से जान बच गई। मगर जैसे ही चालक ने ट्रैक्टर को पीछे लिया तो आक्रोशित अमित ने उसके पास जाकर खूब खरी-खोटी सुनाई, वहीं आसपास मौजूद लोगों ने भी जमकर फटकार लगाई।

# पुलिस द्वारा 08 वर्ष से फरार स्थाई वारण्टी को ग्वालियर से किया गया गिरफ्तार




**पन्ना।** उच्च न्यायालय जबलपुर एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश स्तर में स्थाई वारण्टियो, साक्षी एवं गिरफ्तारी वारंटो की तामीली हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री सांई कृष्णा थोटा द्वारा पन्ना जिले में अधिक से अधिक वारंटों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया है ,जिसके लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व पन्ना जिले के समस्त अनु0 अधि0 पुलिस के मार्गदर्शन मे जिले के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन कर उक्त पुलिस टीमो की सहायता हेतु सायबर सेल पन्ना को निर्देशित किया गया है । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी बृजपुर उप.निरी. भानु प्रताप सिंह थाना बृजपुर के चोरी के अपराध मे प्रकरण क्रमांक 800837/16 धारा 31 घरेलु हिंसा के स्थाई वारंटी विश्वजीत मंडल पिता भावनाथ मंडल निवासी विवेकानंद कॉलोनी ग्वालियर मे होने की सूचना प्राप्त हुई । उक्त सूचना की जानकारी थाना प्रभारी बृजपुर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन मे उप. निरी. भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व मे थाना बृजपुर की पुलिस टीम द्वारा सायबर सेल पन्ना से सहयोग लेते हुये आरोपी विश्वजीत मंडल पिता भवनाथ मंडल निवासी विवेकानंद कॉलोनी ग्वालियर को ग्वालियर से दिनांक 10.09.24 को ग्वालियर से गिरफ्तार किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

सराहनीय योगदान - थाना प्रभारी बृजपुर उप.निरी. भानु प्रताप सिंह, सायबर सेल प्रभारी अनिल सिंह राजपूत, आर. प्रआर. अरून कुमार ,राजेश कुमार ,आर. प्रदीप हरदेनिया, बबलू, रामनिरंजन, सुधीर अरजरिया , सायबर सेल टीम का विशेष योगदान रहा ।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**पन्ना**




प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.सी. आर्य की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला जेल पन्ना में जेल निरीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जेल किचन में भोजन व्यवस्था व गुणवत्ता का अवलोकन कर पुरूष व महिला बैरक, जेल अस्पताल, व्हीसी कक्ष, कियोस्क एवं मुलाकात व उद्यमिता कक्ष इत्यादि का निरीक्षण किया। स्वच्छता व हाइजीन के बारे में जानकारी भी ली। बंदियों से खुला संवाद कर उनकी समस्याएं पूछीं, साथ ही उचित मामलों में न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदान किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। यूटीआरसी द्वारा अनुशंसित बंदियों के जमानत व रिहाई के बारे में जानकारी लेकर जेल प्रशासन को बंदियों के स्वास्थ्य व कौशल विकास के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार ने 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा एवं प्ली ऑफ बारगेनिंग के जरिए निराकरण योग्य प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निराकरण करवाने और शीघ्र न्याय प्राप्त करने के अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया। निरीक्षण कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते भी उपस्थित रहे। प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा ने बंदियों को शिविर के माध्यम से प्रदान जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रेरित किया।

# सब जेल पवई में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**पन्ना।** सब जेल पवई में सघन जागरूकता अभियान के तहत आज स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम हरि शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जेल में परिरूद्ध समस्त 77 बंदियों के एचआईव्ही, टीबी, हेपेटाइटिस बी, सिफलिस, बीपी और सुगर की जांच सहित नेत्र जांच भी कराई गई। कुछ बंदियों को सामान्य बुखार पर दवाईयों का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कोई भी बंदी गंभीर बीमारी से पीड़ित नहीं पाया गया। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक मुनीन्द्र प्रसाद मिश्रा सहित अवध बिहारी पाठक, बालादीन पाल, प्रदीप सिंह परिहार, उद्देश्य लारिया, कृष्ण कुमार झारिया, श्रद्धा तिवारी, प्रतिमा कोरी और अनिरूद्ध प्रताप सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस से आंरभ होगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

## 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान आरंभ किया जाएगा। स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के विचार पर केन्दित इस अभियान के अंतर्गत जन-जन को स्वच्छता अपने व्यवहार में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सभी स्तर पर गतिविधियां संचालित की जाएंगी। राज्य सरकार द्वारा जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए अभियान में लोगों को श्रमदान तथा अपने परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा 17 सितम्बर को ही जन औषधि केन्द्रों का भी शुभारंभ होगा। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तीन प्रमुख स्तंभ हैं, प्रथम स्तंभ स्वच्छता की भागीदारी के अंतर्गत जनभागीदारी-जागरूकता और एडवोकेसी, द्वितीय स्तंभ सम्पूर्ण स्वच्छता के अंतर्गत श्रमदान व लक्षित इकाइयों के कायाकल्प और तृतीय स्तंभ सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य जाँच और सामाजिक सुरक्षा कवरेज संबंधी गतिविधियां संचालित होंगी। स्वच्छता की भागीदारी के अंतर्गत मंचीय कार्यक्रम, कार्यशाला, प्रदर्शनी, प्रतियोगिता और सहभागिता गतिविधियां की जाएंगी। सम्पूर्ण स्वच्छता और स्वच्छता लक्षित इकाइयों के तहत वृहद स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट पृथक्करण और प्रबंधन, स्वच्छता सुविधा उन्नयन, स्वयं-सेवकों के मोबेलाइजेशन, स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ सम्मान एवं पुरस्कार के माध्यम से स्वच्छता के लिए व्यक्तिगत व सामुदायिक स्तर पर प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविरों में सुरक्षा प्रशिक्षण, सुरक्षा सामग्री वितरण, स्वास्थ्य जाँच और जागरूकता-सत्र आयोजित होंगे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने और इसे जनता का अभियान बनाने के लिए सोशल मीडिया, रेडियो, टीवी, समाचार पत्रों सहित सभी प्रचार माध्यमों से संदेशों का प्रसारण किया जाएगा। जिला, जनपद, ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में पंचायत और नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। स्कूल शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी, पर्यटन व संस्कृति तथा वन विभाग को विशेष दायित्व सौंपे गए हैं। स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक-धार्मिक-व्यापारिक संगठनों और ग्राम सभाओं के माध्यम से अभियान में जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।

# अलग-अलग जगह सर्पदंश से 3 बच्चों की मौत

**सतना।** बारिश के मौसम में जहरीले सर्पों का कहर जिलेभर में व्याप्त है। लगभग हर दिन कोई न कोई अपनी जान गंवा रहा है। बीते 36 घंटों में ही अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 3 बच्चों की सर्पदंश के चलते असमय मौत हो गई।

सिंहपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक करसरा गांव में मनमोहन पुत्र नंदू कुशवाहा 15 वर्ष, को मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे जमीन पर सोते समय जहरीले सर्प ने दाएं हाथ पर काट लिया। यह बात पता चलते ही परिजन उसे आनन-फानन जिला चिकित्सालय ले आए, जहां उपचार शुरू होने के कुछ देर बाद ही नाबालिग ने दम तोड़ दिया।

कोटर थाना अंतर्गत पवइया में स्नेहा पुत्री राजकुमार कोल 11 वर्ष, अपनी दो बड़ी बहनों के साथ सोमवार रात को चारपाई पर सो रही थी, तभी लगभग 2 बजे पिता की नींद खुली तो जहरीला सर्प दिख गया, जिसे उन्होंने बाहर भगा दिया और फिर सोने चले गए, मगर कुछ देर बाद ही सांप वापस लौटा और स्नेहा के पैर में डस लिया। उसके शोर मचाने पर घर वालों को पता चला तो निजी वाहन से तुरंत सतना ले आए, मगर तब तक बालिका की सांसें थम चुकी थीं।

सभापुर थाना अंतर्गत बिरसिंहपुर के वार्ड क्रमांक-3 में सोमवार रात को पलंग पर सो रही संस्कृति द्विवेदी पुत्री राजेन्द्र प्रसाद 14 वर्ष, को बाएं हाथ में सर्प ने डस लिया। यह घटना होते ही परिजन उसको तुरंत झाड़-फूंक के लिए ले गए, मगर हालत नहीं सुधरी तो मंगलवार सुबह 4 बजे जिला चिकित्सालय ले आए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, आधा दर्जन घायल

**सतना**

रामनगर थाना क्षेत्र के मोहरवा में जमीन के टुकड़े को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों तरफ से रिपोर्ट लेकर जांच प्रारंभ कर दी है। झगड़े का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रथम पक्ष से रामनरेश पुत्र रामसेवक पटेल 48 वर्ष, ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 9 सितंबर को शाम करीब 4 बजे जब वह खेत में खाद डालकर घर आ रहा था तभी आरोपी रामजी पटेल और राजबल पटेल उसकी जमीन पर मुरुम डलवाते दिखे, इस बात का विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट प्रारंभ कर दी। हल्ला-गोहार सुनकर रामनरेश के बचाव में भाई रामनारायण पटेल, पत्नी गुलाबवती पटेल और भतीजी उमा भारती पटेल दौड़े तो आरोपियों की तरफ से रामचेरे पटेल, रामानंद पटेल, रामप्रसाद पटेल, भगवानदीन पटेल और मिथलेश पटेल भी आ धमके। सभी ने बुरी तरह मारपीट कर गोबर में गाड़ने का प्रयास भी किया, जिसमें ग्रामीणों के एकत्र होने पर किसी तरह उनकी जान बच पाई।

उधर दूसरी तरफ से रामजी पुत्र भगवानदीन पटेल ने एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि उसका जमीनी विवाद रामनारायण पटेल से काफी समय से चल रहा है। इसी बीच 9 सितंबर को जब भाई राजबल पटेल भैंस बांधने की जमीन पर मुरुम डाल रहे थे, तभी आरोपी रामनरेश पटेल आ धमका और गाली-गलौज करने लगा।

यह देखकर रामजी बीच-बचाव करने लगा, इसी दौरान आरोपी की तरफ से रामनरेश पटेल, गुलाबवती पटेल, रामनारायण पटेल, लवली पटेल, सत्यम पटेल और उमा पटेल लाठी-डंडे, पत्थर लेकर मारपीट करने लगे।

तब भाभी आरती पटेल, मां लक्ष्मी पटेल, चाचा रामप्रसाद पटेल, भाई रामानंद पटेल और भतीजी रुचि पटेल ने बीच-बचाव किया, तो उनके साथ भी मारपीट करने लगे। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरूवार 12 सितम्बर 2024




**क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव ने जिला मलेरिया कार्यालय में आयोजित बैठक में डेंगू के नियंत्रण के उपायों की समीक्षा की। क्षेत्रीय संचालक ने कहा कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से डेंगू के कई मरीज मिले हैं।**



# नियमित भ्रमण कर विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें

## गौवंश को सड़कों से हटाकर गौशालाओं में व्यवस्थित करने का अभियान चलाएं : कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करें। सभी अधिकारी नियमित रूप से भ्रमण कर योजनाओं की मॉनीटरिंग करें। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से स्वीकृत अधूरे आवासों का 30 नवम्बर तक निर्माण पूरा कराएं। नए आवासों का सत्यापन करके 30 सितम्बर तक प्रथम किश्त की राशि जारी कर दें। आवासों की पूर्णता का प्रतिशत हर हाल में राज्य प्रतिशत से अधिक बना रहे। कमिश्नर ने लक्ष्य के अनुसार आवास पूरा न कराने पर पाँच जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा ग्रामीण आजीविका मिशन सतना के जिला समन्वयक को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि अधिकारी भ्रमण के दौरान निर्माण कार्यों का जायजा लें। साथ ही स्कूलों मी मध्यान्ह भोजन वितरण की भी निगरानी करें। गुणवत्ताहीन मध्यान्ह भोजन देने वाले स्वसहायता समूहों को पृथक करने की कार्यवाही करें। मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू के अनुसार और प्रत्येक विद्यार्थी को भरपेट मिलना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री जनमन योजना से सीधी और सिंगरौली में चिन्हित सभी परिवारों को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, संबल कार्ड, बैंक खाता, किसान क्रेडिट कार्ड सहित सभी योजनाओं से लाभान्वित करें। सिंगरौली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनमन योजना पर विशेष ध्यान दें।

कमिश्नर ने कहा कि पूरे संभाग में निराश्रित गौवंश बहुत बड़ी समस्या हैं। गौवंश को सड़कों से हटाकर गौशालाओं एवं अस्थायी बाड़ों में रखने के लिए अभियान चलाएं। अस्थायी बाड़े में गौवंश के लिए चारा-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अभियान को 15 दिवस में पूरा करें। अधूरी गौशालाओं का निर्माण 30 सितम्बर तक पूरा कराकर उनमें गौवंश रखने की व्यवस्था करें। संभाग में 498 अमृत सरोवरों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इन सभी में ग्राम पंचायत के द्वारा स्वसहायता समूहों से मछली पलान कराएं। उप संचालक मछली पालन पंचायतों को निर्धारित मात्रा में मछली बीज उपलब्ध कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपनी जनपद के पाँच चुने हुए गांवों में मजदूरों के पलायन का अध्ययन कर 10 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। ग्रामीण आजीविका मिशन में सभी लक्षित परिवारों को जोड़कर स्वसहायता समूह के माध्यम से लाभान्वित कराएं। सतना जिले की प्रगति बहुत कमजोर है। 37 हजार से अधिक परिवार अभी भी लाभान्वित होने से वंचित हैं। इन्हें 30 नवम्बर तक शत-प्रतिशत लाभान्वित करें। स्वसहायता समूहों को मछली पालन, कृषि आधारित उद्यम, कपड़ा निर्माण, श्रीअन्न की खेती और प्रोसेसिंग, उद्यानिकी फसलों, सिलाई तथा अन्य गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाएं। संजय टाईगर रिजर्व में महिला गाइड के रूप में भी रोजगार का अवसर दिलाएं। संभाग भर में आजीविका मिशन के समूह द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री के लिए रीवा में जिला पंचायत में दुकान शुरू करें।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्थानीय उप निर्वाचन 2024 के तारतम्य में नगर पालिक निगम रीवा के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पद के उप निर्वाचन हेतु सम्पन्न हो रहे मतदान के लिये स्थापित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने वार्ड क्रमांक 5 अन्तर्गत राधामोहन विद्यालय में स्थापित पाँच मतदान केन्द्रों में मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा सुचारू मतदान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मतदान केन्द्रों में पीठासीन अधिकारियों से मतदान प्रतिशत के विषय में पूंछतांछ की। कलेक्टर ने बताया कि वार्ड क्रमांक 5 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिये शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराया जा रहा है। मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिये कतारबद्ध होकर अपनी बारी इंतजार करते हुए शांतिपूर्वक मतदान कर रहे हैं।

# भोपाल पुलिस द्वारा लालघाटी में की जाती है बदसलूकी

रीवा



एक तरफ़ जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री पुलिस की छवि सुधारने में प्रयास कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ लालघाटी पुलिस द्वारा बस चालको के साथ आए दिन मारपीट व अभद्रता की जाती है अभी ताज़ा घटनाक्रम में एक वस चालक को रोककर कागज न होने का बहाना देकर बस रुकाई गई व बसकर्मियों के साथ साथ ही यात्रियों से भी गाली-गलौज व अभद्रता की गई, जबकि नए व्हीकल एक्ट के तहत यात्री वाहनों के नंबरप्लेट से ही बस की संपूर्ण जानकारी निकाली जानी चाहिएज ऐसे मे ये देखना है कि पुलिस की ये गुंडागर्दी कब तक जारी रहेगी व जिम्मेदार अधिकारी कब इसपर संज्ञान लेंगेज.पैसा न मिलता देखकर पूरी बस ख़ाली काई गई व जसी बनाई गई जो कि पूर्णत: नियम विरूद्ध है. इन सभी के कारण बस के यात्रियों को रातभर असुविधा का सामना करना पड़ाज जब कुछ यात्रियों से हमारी टीम ने बात की तो उनके द्वारा पुलिस की कार्रवाई पर रोष दर्शाया गया और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही गई।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित चाकघाट आगमन के संबंध में तैयारी बैठक संपन्न



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी 17 सितंबर को त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के चाकघाट में आगमन प्रस्तावित है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के संबंध में बैठक लेकर अधिकारियों को दायित्व सौंपे तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव 17 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान का समारोह पूर्वक शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों को स्वच्छ करने के लिए स्वसहायता समूहों का संबंधित ग्राम पंचायत से किये गये एमओयू का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष प्रस्तुतीकरण होगा। समारोह में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जन औषधि केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। कलेक्टर ने तैयारी बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग को कार्यक्रम की तैयारी सुनिश्चित करने निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दूरस्थ ग्राम करियाझार के पेयजल स्त्रोतों का किया गया शुद्धीकरण

**रीवा।** बारिश के मौसम में ग्रामीणों को वर्षाजनित बीमारियों से बचाने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों का शुद्धीकरण किया जा रहा है। इस संबंध में सहायक यंत्री रायपुर कर्चुलियान ने बताया कि विकासखण्ड की ग्राम पंचायत इटार पहाड़ के दूसस्थ ग्राम करियाझर के सभी पेयजल स्त्रोतों का शुद्धीकरण कराया गया। नितिन वर्मा तथा राधिकार प्रसाद त्रिपाठी ने गांव का भ्रमण करके स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्र के हैण्डपंप तथा निजी कुओं में सोडियम हाइड्रोक्लोराइड घोल डालकर पेयजल स्त्रोतों का शुद्धीकरण कराया।

# कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

रीवा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल एवं लोकनिर्माण विभाग पीआईयू द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने रीवा शहर में निर्माणाधीन सिविल लाइन पार्क को 25 सितंबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये। इस अवसर पर बताया गया कि जिला अस्पताल में ओपीडी निर्माण कार्य में फिनिसिंग का कार्य प्रगति पर है। इसे दिसंबर माह तक पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में सर्किट हाउस निर्माण कार्य 15 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। इस दौरान व्यंकट क्लब निर्माण, सी एवं ई-टाइप शासकीय भवन निर्माण, सेंटर लाइब्रोरी निर्माण तथा पीडब्ल्यूडी भवन निर्माण कार्य की अद्यतन जानकारी कलेक्टर द्वारा ली गयी।

बैठक में दिव्यगवां में कॉलेज भवन, रहट में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण, जवा में बीपीएचयू, भैरव मंदिर निर्माण, नैकहाई में बाउंड्रीबाल एवं गेट निर्माण, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में प्रशासनिक भवन, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार भवन, इंजीनियरिंग कालेज के सेमिनार हॉल तथा चिरहुला मंदिर परिसर जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गयी। कलेक्टर ने हिनौती गोधाम के लिए प्रस्तावित कार्य योजना का भी अवलोकन किया।

निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले में बनाये जा रहे विभिन्न सीएम राइज विद्यालयों की अद्यतन निर्माण स्थिति की जानकारी कलेक्टर ने ली। उन्होंने मनगवां, रायपुर कर्चुलियान तथा सिरमौर के सीएम राइज भवनों को मार्च 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से यहां विद्यालय संचालित हो सके। उन्होंने पीके सीएम राइज स्कूल की निर्माण कार्य की प्रगति धीमी होने पर निर्माणकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश बैठक में दिये। कलेक्टर ने डभौरा, त्योंथर तथा सेमरिया के भवनों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान चिकित्सा विभाग अन्तर्गत छात्रावास भवन निर्माण, राजस्व विभाग अन्तर्गत एसडीएम हुजूर कार्यालय एवं मनगवां तहसील भवन सहित स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग में पीआइयू द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी तथा सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने महिलाओं तथा शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा की नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं। संभाग के सभी जिलों में महिलाओं एवं शिशुओं का पोषण स्तर बढ़ाने, एनीमिया नियंत्रण, मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी समीक्षा के लिए स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संभागीय बैठक क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय संचालक डॉ केएल नामदेव ने कहा कि स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारी स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर करने के लिए समन्वय से प्रयास करें।

# लोक अदालत में आपसी सुलह से होगा प्रकरणों का निराकरण : प्रधान जिला न्यायाधीश

**रीवा।** जिले में 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 48 खण्डपीठें गठित कर दी गई हैं। इनके द्वारा जिला न्यायालय परिसर तथा




तहसील न्यायालय परिसरों में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रत्येक खण्डपीठ में सहयोगी अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी अपनी सेवाएं देंगे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य न्यायालयों में लंबित आपराधिक प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण तथा मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। इसी तरह बिजली विभाग से संबंधित प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, दीवानी प्रकरण, भूअर्जन प्रकरण सहित 7175 प्रकरणों में सुनवाई की जाएगी। इनमें बैंक, विद्युत, जल कर, सम्पत्ति कर, बीएसएनएल तथा प्रिलिटिगेशन के प्रकरण शामिल हैं। प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण करने के लिए संबंधित पक्षकारों की लगातार काउंसलिंग की जा रही है। पत्रकार वार्ता में विशेष न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र कुमार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश श्री आशीर्वाद भिलाला भी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर आज करेंगे स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 12 सितम्बर को प्रात: 11 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, संयुक्त संचालक योजना एवं सांख्यिकी, संभागीय आयुष अधिकारी तथा सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# अर्न्तविभागीय बैठक एवं कार्यशाला संपन्न



**रीवा।** पोषण माह में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य विभागों के समन्वय के उद्देश्य से अर्न्तविभागीय बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला की उपस्थिति में अर्न्तविभागीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने कहा कि पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि कुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया जा सके और आने वाले समय में भी कुपोषण न हो। श्रीमती पाण्डेय ने बताया कि आरबीएसके, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा घर-घर जाकर कुपोषण के कारणों का पता लगाया जायेगा तथा अतिकुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जायेगा। उन्होंने कहा संयुक्त प्रयास से ही कुपोषित बच्चों को स्वस्थ्य किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने कहा कि 0 से 05 वर्ष आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 72 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के कारण मृत्यु होती है। इसे रोकने के समन्वित व सार्थक प्रयास किये जाने चाहिए। उचित प्रबंधन से ही कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बाहर लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को प्रशिक्षित करने तथा आंगनवाड़ियों में दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है। कार्यशाला में सहायक संचालक आशीष द्विवेदी ने पोषण माह में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।

# धान एवं मोटे अनाजों के उपार्जन के लिए पंजीयन 19 सितम्बर से

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार तथा बाजरा का उपार्जन किया जाएगा। उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है। ऑनलाइन पंजीयन 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि किसान ग्राम पंचायत कार्यालय के सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी समितियों एवं खरीदी केन्द्रों में निश्शुल्क पंजीयन करा सकते हैं। एमपी किसान एप अपने एन्ड्रायड मोबाइल पर डाउनलोड करके किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा किसान एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में 50 रुपए का शुल्क तथा आवश्यक दस्तावेज देकर 19 सितम्बर से उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि धान तथा मोटे अनाजों के उपार्जन के लिए पंजीयन कराने के लिए किसानों को अपने आधार कार्ड, बोये गए अनाज के रकबे की जानकारी के लिए ऋण पुस्तिका की प्रति, आधार सीडेड बैंक खाते तथा बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नम्बर की जानकारी देना आवश्यक होगा। बैंक खाते के साथ-साथ बैंक का आईएफएससी कोड भी किसान अवश्य प्रस्तुत करें। उपार्जन से भुगतान के लिए जनधन खाते, अक्रिय बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे।

# पॉलीटेक्निक विद्यार्थियों का किसी भी डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश का स्वप्न होगा साकार

**रीवा।** पॉलीटेक्निक विद्यार्थियों के राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीन शिक्षा संस्थान के माध्यम से डिप्लोमा के साथ हायर-सेकंडरी परीक्षा की तैयारी हो सकेगी। शासकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में विद्यार्थियों का अधिकतम प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को लेटरल एंट्री में इंजीनियरिंग डिग्री के साथ साथ अन्य डिग्री पाठ्यक्रम में शामिल होने के अवसर उपलब्ध हों, इसके लिए पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के साथ साथ विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से हायर सेकंडरी परीक्षा (ओपन माध्यम से) में सम्मिलित हो सकेंगे। विद्यार्थियों को 12वी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए संबंधित संस्थान द्वारा कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाने को लेकर कार्ययोजना बनायी जायेगी। पॉलीटेक्निक डिप्लोमा विद्यार्थियों का किसी भी डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने का स्वप्न साकार करना विभाग की प्राथमिकता है। इससे पॉलीटेक्निक डिप्लोमा करने के बाद विद्यार्थी को रोजगार और नौकरी के लिए अवसर तैयार तो होगा ही, साथ ही उनको किसी भी डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के अवसर की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सकेगी। प्रदेश के सभी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों की सीट्स पूर्ण रूप से भरने को लेकर व्यापक संचार के लिए कार्ययोजना बनायी गयी है। अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए डॉ. बाबासाहब अंबेडकर योजना एवं जनजातीय विद्यार्थियों के लिए एकलव्य योजना अंतर्गत संचालित संस्थाओं, पाठ्यक्रमों एवं उपलब्ध सीटों की संख्या सहित योजनाओं से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी जायेगी। तकनीकी शिक्षा के द्वारा जारी किए गए मैस्कॉट श्रुति एवं विद्युत का अधिकाधिक प्रयोग किया जायेगा। आरजीपीवी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल को विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए रोजगार एवं नौकरी के अवसर प्रदान करने कार्ययोजना बनायी जा रही है।

*स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833*